हरिभूमि
सरगुजा-कोरिया भूमि
बिलासपुर, मंगलवार, 18 अगस्त 2026
[अम्बिकापुर | सूरजपुर | बलरामपुर | विश्रामपुर | लखनपुर | रामानुजगंज]

तापमान
अधिकतम 34 डिग्री
न्यूनतम 21 डिग्री

2 कुड़ेली में देशभक्ति नारों के साथ निकली प्रभात फेरी

खबर संक्षेप

जिला एवं सत्र न्यायालय का भूमीपूजन आज

अंबिकापुर। शहर में जिला एवं सत्र न्यायालय के भवन का मंगलवार को भूमिपूजन किया जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ के अध्यक्ष अनिल कुमार सोनी ने बताया कि वर्तमान न्यायालय परिसर में ही नवीन जिला एवं सत्र न्यायालय भवन का भूमि पूजन 18 अगस्त को किया जाएगा। इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में उच्च न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश रमेश चन्द्र सिन्हा एवं पार्थ प्रतिम साहू वर्चुअल रूप से शामिल होंगे। भूमि पूजन का कार्यक्रम अतिथियों द्वारा सुबह 10 किया जाएगा। जिला अधिवक्ता संघ ने अधिवक्ताओं और आम नागरिकों से में समारोह में शामिल होने का आह्वान किया है।

अम्बिकापुर-जबलपुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार मदन महल स्टेशन तक हुआ

बिश्रामपुर। यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए रेल प्रबंधन ने ट्रेन संख्या 11266/11265 अम्बिकापुर-जबलपुर-अम्बिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस का विस्तार मदन महल स्टेशन तक दिनांक 17 अगस्त से कर दिया गया है। रेल प्रबंधन ने इस हेतु पत्र भी जारी कर दिया है। अब विस्तार के बाद अम्बिकापुर-मदन महल स्टेशनों के मध्य गाड़ी का समय-सारिणी इस प्रकार रहेगा। गाड़ी संख्या 11266 अम्बिकापुर-मदन महल इंटरसिटी एक्सप्रेस, दिनांक 17 अगस्त 2026 से अम्बिकापुर स्टेशन से रोजाना प्रातः 06.15 बजे रवाना होगी तथा जबलपुर स्टेशन आगमन दोपहर 14.55 बजे, प्रस्थान 15.00 बजे एवं मदन महल स्टेशन 15.20 बजे पहुंचेगी,इसी प्रकार गाड़ी संख्या 11265 मदन महल-अम्बिकापुर इंटरसिटी एक्सप्रेस, दिनांक 17 अगस्त 2026 से मदन महल स्टेशन से 12.25 बजे रवाना होगी तथा जबलपुर आगमन 12.35 बजे, प्रस्थान 12.45 बजे एवं अम्बिकापुर स्टेशन 23.00 बजे पहुंचेगी।

करंजी ग्राम में दो दिन से लापता ग्रामीण का शव अनुपयोगी कुंए में पड़ा मिला

बिश्रामपुर। ग्राम करंजी में सोमवार की सुबह घर एक अनुपयोगी कुएं से 37 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ जिसकी पहचान सुबस यादव पिता पवन यादव के रूप में हुई है,करंजी पुलिस ने बताया कि सुबस यादव शनिवार की रात घर से निकला था, इसके बाद दो दिन से वह वापस घर नहीं लौटा,परिजन और आसपास के लोग उसकी तलाश कर रहे थे। इसी बीच सोमवार की सुबह घर के सामने स्थित पन्ने लाल राजवाड़े के अनुपयोगी कुएं में उसका शव दिखाई देने पर घटना की जानकारी पुलिस को दी गई। सूचना मिलते ही करंजी चौकी प्रभारी विशाल मिश्रा व डीडीआरएफ सुरजपुर की टीम मौके पर पहुंची। डीडीआरएफ सूरजपुर की टीम ने आवश्यक सावधानी के साथ शव को कुएं से बाहर निकाला। ग्रामीणों के अनुसार मृतक शराब पीने का आदी था और अक्सर नशे की हालत में रहता था।आशंका जताई जा रही है कि शनिवार की रात किसी वजह से वह कुएं के पास पहुंचा होगा और उसमें गिर गया होगा।पीएम रिपोर्ट आने के बाद मौत के कारणों को लेकर स्थिति और स्पष्ट होने की उम्मीद है,अचानक हुई इस घटना से परिजन सदमे में हैं।

बाइक सवार पेड़ से टकराया, मौत

अम्बिकापुर। खेत में छिड़काव के लिए कीटनाशक लेकर जा रहा युवक सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया। दुर्घटना में गंभीर हुए युवक की मेडिकल कॉलेज अस्पताल में मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम किया है। जानकारी के अनुसार पत्थलगांव अंतर्गत ग्राम मक्कापुर निवासी नवीन हिलटर आ. विजय एक्का (30 वर्ष) गत दिन खेत में धान की फसल पर छिड़काव करने के लिए कीटनाशक खरीदने बाइक से पत्थलगांव आया था। दोपहर को कीटनाशक लेकर युवक वापस घर लौटने लगा तभी रास्ते में अनियंत्रित होकर सड़क किनारे पेड़ से टकरा गया जिससे गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल युवक को मेडिकल कॉलेज अस्पताल में भर्ती कराया गया जहां उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई। सूचना पर पुलिस ने मर्ग कायम करने के पश्चात शव का पोस्टमार्टम कराकर परिजन के सुपुर्द किया है।

दूरस्थ मोहरसोप के भेलाघाट जंगल में मिला अज्ञात युवक का सड़ा गला शव

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिहारपुर

- अपराधियों द्वारा युवक की हत्या करने का संदेह
- पुलिस ने घटनास्थल से बरामद की विभिन्न सामग्रियां

दूरस्थ ग्राम पंचायत मोहरसोप से सेट भेलाघाट जंगल में संदेहास्पद परिस्थितियों में युवक का सड़ा-गला शव मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शव को कब्र से निकालकर घटनास्थल की जांच की। पुलिस अधिकारी आरोपियों द्वारा युवक की हत्या कर जंगल में दफनाने की आशंका व्यक्त कर रहे हैं।

रविवार को कुछ ग्रामीण रोज की तरह अपने पशुओं को चराने के लिए भेलाघाट जंगल ले गए थे तथा जंगल के अलग-अलग हिस्सों में मवेशियों को चरा रहे थे। इस दौरान एक दर्जन से अधिक मवेशियों के एक साथ जमा होकर कुछ खाते देख चरवाहा मवेशियों के पास पहुंचा तो वहां का दृश्य देखकर हैरान रह गया। मवेशी झुण्ड में एकत्र होकर नमक की बोरी चाट रहे थे तथा पास में ही एक युवक का सड़ा गला शव पड़ा था। शव गड्ढे में दबा था तथा चेहरा, बांहे तथा अन्य अंग साफ दिख रहे थे। ग्रामीण देर रात मवेशियों को लेकर वापस घर लौटा एवं सोमवार को सुबह मामले की जानकारी ग्रामीणों को दी। ग्रामीणों को चरवाहे की बात पर विश्वास नहीं हुआ तो स्वयं स्थल पर पहुंचे तथा अज्ञात युवक का सड़ा-गला शव देख तत्काल मोहरसोप पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही मोहरसोप पुलिस पहुंची तथा घटनास्थल का निरीक्षण करने के उपरांत स्थिति से वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया। घटना की गंभीरता को देखते हुए एसडीओपी राजेंद्र मण्डावी,

तहसीलदार करमचंद जाटव, थाना प्रभारी रामप्रताप सिंह एवं एफएसएल की टीम पहुंची। वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में शव को गड्ढे से बाहर निकाला गया। उपस्थिति पुलिस अधिकारियों एवं एफएसएल की टीम ने घटनास्थल की बारीकी से जांच कर मौजूद साक्ष्यों को एकत्र किया। शव के दाहिने हाथ को जंगली जानवरों ने नोच डाला है। पुलिस अधिकारी अज्ञात आरोपियों द्वारा युवक की हत्या कर हड़बड़ी में डेढ़ फीट गहरा गड्ढा खोदकर दफनाने की आशंका व्यक्त कर रहे है। युवक की हत्या करने के बाद शव को दफनाया गया है अथवा स्थल पर ही उसकी हत्या की गई है अभी इसका खुलासा नहीं हो सका है। पुलिस अधिकारी शव को चार-पांच दिन पुराना बता रहे हैं।

गड्ढे में मिला नमक एवं पैकेट

शव को बाहर निकाला गया तो गड्ढे में नमक के तीन पैकेट मिले जबकि कुछ दूरी पर गमछा एवं रेग्जिन का बेल्ट नमक के पैकेट युक्त एवं खाली प्लास्टिक बोरी, नमक के 15 खाली पैकेट मिले। पास में साड़ी की रस्सीनुमा कोर का टुकड़ा पड़ा था। मृतक के गले में लाल रंग का मफलर एवं आर्टिफिशियल चेन मिला है। मृतक के काले रंग के पैंट की बाई जेब में ताले की चाबियां मिली है। मृतक जनेऊ पहना है। पुलिस अधिकारी उपलब्ध साक्ष्यों के आधार पर गला दबाकर युवक की हत्या करने एवं हड़बड़ी में गड्ढा खोदकर मृतक को दफनाने एवं शव को सड़ने के लिए भारी मात्रा में नमक का उपयोग करने की संभावना व्यक्त कर रहे हैं। पहचान के लिए पुलिस ने शव को मेडिकल कॉलेज के मरच्यूरी में रखा गया है।

मृतक दूसरे राज्य का निवासी

पुलिस ने मृतक की पहचान के लिए बड़ी संख्या में ग्रामीणों से पूछताछ की लेकिन उसकी पहचान नहीं हो सकी। पुलिस मृतक के पड़ोसी राज्य मध्यप्रदेश या यूपी का निवासी होने की संभावना व्यक्त कर रही है। इसके पूर्व भी इस तरह की कई घटनाएं सामने आ चुकी हैं जिसमें न तो अब तक मृतकों की ही पहचान हो सकी न ही पुलिस आरोपियों को ही खोज पाई। रकसगंडा जलप्रपात स्थित रेड़ नदी में भी हत्यारों द्वारा शव को फेंकने की कई घटनाओं को अंजाम दिया गया है। पुलिस इन मामलों में कई आरोपियों को पकड़ भी चुकी है। घना जंगल होने के कारण दूसरे राज्यों के अपराधी क्षेत्र का उपयोग हत्या करने शव को ठिकाने लगाने के लिए कर रहे है क्षेत्र के बड़े इलाके में नेटवर्क नहीं रहता जिससे पुलिस अपराधियों की ट्रेकिंग नहीं कर पाती तथा अपराधी घटना को अंजाम देने के बाद सुरक्षित बाहर निकल जाते हैं। घटनास्थल ओड़गी-बिहारपुर मुख्य मार्ग से 50 मीटर दूर होने के कारण अपराधियों के वाहन से पहुंचने की संभावना जताई जा रही है।

की जा रही जांच

प्राथमिक जांच में युवक की हत्या कर आनन-फानन में गड्ढा खोदकर उसे दफनाने एवं शव को सड़ने के लिए नमक का उपयोग करने की संभावना है। मृतक की पहचान के लिए पड़ोसी राज्यों की सीमावर्ती थाना चौकियों को जानकारी दी गई है। इसके लिए सोशल मीडिया का भी उपयोग किया जा रहा है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। शव को मेडिकल कॉलेज अस्पताल के मरच्यूरी में रखवाया गया है।
-राजेन्द्र मण्डावी, एसडीओपी, ओड़गी

एक करोड़ रूपए की उठाईगिरी का मामला, आरोपियों की तलाश जारी

ओडिसा के गंजाम से बरामद किए गए 46 लाख रूपए के सोने चांदी के जेवर

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर/सीतापुर

खास बात
- आरोपी के घर से बरामद हुआ आभूषण

काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स से एक करोड़ रूपए के जेवरों की उठाईगिरी के मामले में सरगुजा पुलिस ने बड़ी सफलता हासिल की है। उठाईगिरी की वारदात को उड़ीसा के गिरोह ने अंजाम दिया था जिनकी तलाश करते हुए पुलिस ने गंजाम में आरोपी के घर में दबिश दी। इस दौरान आरोपी घर पर नहीं मिला लेकिन पुलिस ने आरोपी के घर से 46 लाख रूपए सोने चांदी के जेवर बरामद करने में सफलता हासिल की है। पुलिस ने इस घटना में 300.92 ग्राम सोने व लगभग 1 किलो 168 ग्राम चांदी के जेवर बरामद करने में सफलता हासिल की है। फिलहाल पुलिस आरोपियों की तलाश कर रही है और जल्द ही आरोपियों के भी पकड़ में आने की उम्मीद है। सोमवार को एसएसपी राजेश अग्रवाल ने प्रेस वार्ता के दौरान इस मामले का खुलासा किया।

बता दें कि सीतापुर निवासी अरुण देव सोनी की एनएच 43 किनारे काशी विश्वनाथ ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। 26 जुलाई ओ सुबह 11.30 बजे अरुणदेव सोनी अपने दुकान का शटर खोल रहे थे, इस दौरान उन्होंने अपने दुकान के सोने चांदी के जेवरों से भरा बैग स्कूटी के हैंडल पर टांगकर रखा था। दुकान खोलते समय पहले से घात लगाकर बैठे लुटेरे जेवरों से भरा बैग उठाकर भाग निकले थे। दिन दहाड़े हुई उठाईगिरी की इस घटना से हड़कंप मच गया था। इस घटना की शिकायत अरुणदेव सोनी ने पुलिस से करते हुए एक करोड़ रूपए के जेवरों के उठाईगिरी की शिकायत दर्ज कराई थी जिसके बाद पुलिस द्वारा मामले में बीएनएस की धारा 303(2) अपराध दर्ज कर घटना की जांच की जा रही थी। मामले को गंभीरता से लेते हुए एसएसपी राजेश अग्रवाल स्वयं आला अधिकारियों के साथ घटना स्थल पर पहुंचे थे और आरोपियों की धरपकड़ के लिए विशेष टीमों का गठन किया था। इस मामले में एएसपी रितेश चौधरी के नेतृत्व में पुलिस व साइबर सेल की टीम मामले की जांच कर रही थी। जांच के दौरान घटनास्थल के आस-पास के सीसीटीवी वीडियो फुटेज प्राप्त कर संयुक्त टीम के द्वारा बारीकी से जांच किया गया। शुरूआती जांच में दो बाइक में चार संदिग्ध युवकों को व्यवसायी के कब्जे से बैग लेकर भागते हुए देखा गया था जिसके बाद सीसीटीवी फुटेज से मिली जानकारी के आधार पर आरोपियों की पहचान की जा रही थी।

मामले का खुलासा करते एसएसपी एवं अन्य पुलिस अधिकारी।

500 से अधिक सीसीटीवी फुटेज खंगाले

जांच के दौरान पुलिस ने संभावित स्थानों के आस पास लगभग 500 सीसीटीवी फुटेज की जाँच करने के साथ ही तकनिकी विश्लेषण किया। इस दौरान पुलिस सीसीटीवी फुटेज के आधार पर आरोपियों के रूट को फॉलो किया। आरोपी सरगुजा क्षेत्र के ग्राम गेरसा, जिला जशपुर क्षेत्र कांसाबेल, कुनकुरी, सिंगीबहार, दीगर राज्य झारखण्ड क्षेत्र कुरडेग, खैरनटोली, सिमडेगा इत्यादि होते हुए उड़सिा के सुन्दरगढ़ की तरफ भागते मिले। इसके बाद पुलिस टीम को उड़ीसा रवाना किया गया था। वहीं सीसीटीवी फुटेज एवं हुलिया के आधार पर अलग-अलग राज्यों के पुलिस से समन्वय स्थापित कर संदेहियों का पहचान कराया गया।

दस दिनों तक टीम ने चलाया सर्च अभियान

पुलिस ने जांच के दौरान बाइक सवार आरोपी के रूप में उड़ीसा के गंजाम ग्राम सोर्डा निवासी चांटी दास व गंजाम के कोटिनाडा नारायणपुर नागेश्वर राव के रूप में की गई। आरोपियों की पहचान होने के बाद आईजी दीपक कुमार झा व एसएसपी राजेश अग्रवाल के निर्देश पर एएसपी रितेश चौधरी के नेतृत्व में साइबर सेल व पुलिस की संयुक्त टीम को उड़ीसा के गंजाम भेजा गया था। इस दौरान संयुक्त टीम ने उड़ीसा के गंजाम पुलिस के साथ मिलकर लगातार दस दिनों तक आरोपियों के संभावित ठिकानों पर सर्च अभियान चलाया गया।

घर की तलाशी में मिला जेवर

एसएसपी श्री अग्रवाल ने बताया की पुलिस टीम लगातार उड़ीसा के गंजाम क्षेत्र में मौजूद थी। पुलिस को सूचना मिली थी कि आरोपी चांटी दास अपने घर आने वाला है। इस सूचना के आधार पर सरगुजा पुलिस व उड़ीसा के थाना शोर्डा, थाना प्रभारी आश्का ने पुलिस टीम संदेही चांटी दास के घर पहुंची लेकिन उसके घर पर ताला बंद था। पुलिस ने आरोपी के घर की तलाशी ली तो आरोपी घर पर नहीं मिला लेकिन उसके घर में छिपाकर रखे गये जेवर बरामद किए गए। पुलिस ने आरोपी के घर से 300.92 ग्राम सोने के जेवर बरामद किया जिसकी कीमत लगभग 43 लाख रूपए आंकी गई है इसी तरह पुलिस ने 1 किलो 168 ग्राम चांदी के आभूषण बरामद किये है जिनकी कीमत 3 लाख रूपए आंकी गई है। संभावना जताई जा रही है कि पुलिस द्वारा लगातार दबाव बनाने व क्षेत्र में सर्च अभियान के कारण आरोपी जेवर को बेच नहीं पाए।

फरार आरोपियों की तलाश जारी

इस घटना को अंजाम देने वाले उड़ीसा के गंजाम ग्राम सोर्डा निवासी चांटी दास व गंजाम के कोटिनाडा नारायणपुर नागेश्वर राव की तलाश चल रही है। इसके साथ ही इस वारदात में अन्य लोगों के भी शामिल होने की संभावना जताई जा रही है। आरोपियों के गिरफ्तार होने पर और भी जानकारी सामने आने की बात कही जा रही है। इस कार्रवाई में साइबर सेल प्रभारी अजीत मिश्रा, प्रधान आरक्षक भोजराज पासवान, विकास सिन्हा, आरक्षक अशोक यादव, अनुज जायसवाल, मनीष सिंह, अमन पूरी, राहुल केरकेट्टा, सीतापुर थाना से प्रभारी अखिलेश सिंह, उनि रघुनाथ भगत, प्रशिक्षु उनि अनिल कुमार, प्रधान आरक्षक तीजराम पैंकरा, आरक्षक राकेश यादव, महेन्द्र नाग, थाना मणीपुर से आरक्षक उमाशंकर साहू, कुशकुमार सोनी इत्यादि की भूमिका महत्वपूर्ण रही है। वहीं इस कार्रवाई में उड़ीसा के एसडीओपी आश्का सौरव रंजन प्रधान, थाना प्रभारी आश्का सुधीर कुमार, निरीक्षक दीप्ती रंजन बेहरा, प्रधान आरक्षक पंचानन, आरक्षक मनोज कुमार बरूण कुमार, हेमंत कुमार इत्यादि सक्रिय रहे।

दुकान के शटर का ताला तोड़कर 50 लाख रूपए के जेवर की चोरी

हरिभूमि न्यूज ⏭ वाड्रफनगर

- 30 किलो चांदी, 50 ग्राम सोना चोरी, क्षेत्र में मचा हड़कंप, जांच में जुटी पुलिस

नगर के बीचों-बीच स्थित अरविंद ज्वेलर्स में बीती रात अज्ञात चोरों ने चोरी की वारदात को अंजाम दिया। चोर दुकान का शटर तोड़कर अंदर दाखिल हुए और करीब 30 किलो चांदी, 50 ग्राम सोना सहित अन्य पुराने जेवरात लेकर फरार हो गए। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 50 लाख रूपए बताई जा रही है। हालांकि दुकान संचालक द्वारा सामान का मिलान किए जाने के बाद ही चोरी की वास्तविक रकम स्पष्ट होने की बात कही जा रही है। बता दें कि अरविन्द सोनी की नगर के मुख्य मार्ग पर अरविन्द ज्वेलर्स के नाम से दुकान संचालित है। व्यवसायी बीती रात दुकान बंद कर घर चले गये थे। सोमवार की सुबह स्थानीय लोगों ने दुकान के शटर का ताला टूटा हुआ होने की सूचना दी। सूचना मिलने के बाद संचालक अरविन्द सोनी मौके पर पहुंचे तो उनके होश उड़ गए। दुकान के शटर के शटर का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखे सोने चांदी के आभूषण चोरी हो गए थे। दुकान से लगभग 30 किलो चांदी और 50 ग्राम सोने का जेवर गायब था। इतना ही नहीं चोर दुकान में लगे हुए सीसीटीवी के डीवीआर को भी अपने साथ ले गए। संचालक ने घटना की सूचना पुलिस को दी। सूचना मिलने के बाद पुलिस के आला अधिकारी, फोरेंसिक और डॉग स्क्वायड की टीम मौके पर पहुंची। इसके साथ ही साइबर सेल को भी मौके पर बुलाया गया। पुलिस की टीमें आस पास लगे सीसीटीवी कैमरों व अन्य तकनीकी साक्ष्यों के आधार पर आरोपियों की तलाश करने का प्रयास कर रही है लेकिन फिलहाल पुलिस को कोई सफलता नहीं मिल सकी है।

24 मार्च को भी हुई थी ज्वेलर्स दुकान में चोरी

गौरतलब है कि इससे पहले 24 मार्च की रात नगर में दीपक अलंकार ज्वेलर्स दुकान में भी चोरी की बड़ी वारदात हुई थी। उस मामले में करीब 10 लाख रुपये के जेवरात चोरी होने की बात सामने आई थी। बताया जा रहा है कि उक्त मामले में अब तक आरोपियों की गिरफ्तारी नहीं हो सकी है। ऐसे में दोबारा ज्वेलर्स दुकान को निशाना बनाए जाने से व्यापारियों में चिंता और दहशत का माहौल है। शहर के बीचों-बीच प्रतिष्ठित ज्वेलर्स दुकान में हुई इस वारदात ने पुलिस की रात्रि गश्त और सुरक्षा व्यवस्था पर भी सवाल खड़े कर दिए हैं। अब पुलिस के सामने दोनों मामलों के आरोपियों तक पहुंचना बड़ी चुनौती है। पुलिस का कहना है कि सीसीटीवी फुटेज, डॉग स्क्वायड और साइबर तकनीक की मदद से आरोपियों की पहचान कर उन्हें जल्द पकड़ने का प्रयास किया जा रहा है।

शहर के अवनीश ने जीता सरगुजा केसरी का खिताब

- नाग पंचमी पर हुई दंगल प्रतियोगिता, मंत्री राजेश अग्रवाल व सांसद ने किया उदघाटन

अंबिकापुर। सोमवार को नाग पंचमी के अवसर पर सरगुजा का माहौल भक्तिमय हो गया। नाग पंचमी पर नाग मंदिर में लोगों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर अपने व परिवार के सुख समृद्धि की कामना की। इसके साथ ही नाग पंचमी के अवसर पर दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में सरगुजा केसरी का खिताब शहर के अवनीश पांडे, सरगुजा भीम का खिताब भिलाई के मोहम्मद आसिफ, सरगुजा कुमार का खिताब भिलाई के मनीष कुमार तथा सरगुजा अभिमन्यु का खिताब लखनपुर के देवांगन जगत ने हासिल किया।

बता दें कि नाग पंचमी के अवसर पर सरगुजा कुश्ती संघ के अध्यक्ष विकास पांडे के नेतृत्व में संघ के पदाधिकारियों द्वारा मल्टीपरपज ग्राउंड के विशाल प्रांगण में दंगल कुश्ती प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता को चार वर्गों में आयोजित किया गया जिसके पहला सरगुजा केसरी, दूसरा सरगुजा भीम, तीसरा सरगुजा कुमार और चौथा सरगुजा अभिमन्यु। प्रतियोगिता में सरगुजा सहित पूरे प्रदेश तथा सीमावर्ती राज्यों से कुल 150 प्रतिभागियों ने भाग लिया। दंगल का शुभारंभ कैबिनेट मंत्री राजेश अग्रवाल, सरगुजा सांसद चिंतामणि महाराज, लुंड्रा विधायक प्रबोध मिंज, भाजपा प्रदेश महामंत्री अखिलेश सोनी, हस्तशिल्प बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह, भाजपा जिला अध्यक्ष भारत सिसोदिया, विनोद हर्ष, अंबिकेश केसरी, आलोक दुबे, मनीष सिंह, जन्मेजय मिश्रा, निश्चल प्रताप सिंह, दीपक यादव, रविकांत उरांव, निशांत सिंह, शशिकांत जायसवाल, मनोज कंसारी एवं कमलेश तिवारी ने विधिवत किया। अतिथियों ने पहलवानों से हाथ मिलाकर उनका परिचय प्राप्त किया और औपचारिक रूप से दंगल का शुभारंभ कराया। इसके बाद प्रदेश के विभिन्न स्थानों से आए पहलवानों ने अखाड़े में अपने कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्र से आए खेल प्रेमियों ने दंगल का आनंद लिया। दर्शकों की तालियों ने पहलवानों का उत्साह भी बढ़ाया। कैबिनेट मंत्री श्री राजेश अग्रवाल ने अपने संबोधन में कहा कि इस पारंपरिक आयोजन को जीवित रखने के लिए आयोजक बधाई के पात्र हैं। प्रतियोगिता में सरगुजा केसरी के विजेता अंबिकापुर के अवनीश पांडे रहे, जबकि उपविजेता सतपाल यादव रहे। सरगुजा भीम के विजेता भिलाई के मोहम्मद आसिफ एवं उपविजेता पवन कुमार रहे। सरगुजा कुमार के विजेता भिलाई के मनीष कुमार एवं उपविजेता सरगुजा के लक्ष्मण पैकरा रहे। वहीं सरगुजा अभिमन्यु का खिताब लखनपुर के देवांगन जगत ने अपने नाम किया। कार्यक्रम में निर्णायक के रूप में खेल शिक्षक विवेक पांडे, राजेश प्रताप सिंह, नवनीत सिंह गिल, सुदेश पैकरा एवं गुरमीत छाबड़ा सक्रिय रहे। कार्यक्रम का संचालन संघ के कोषाध्यक्ष संजीव वर्मा ने किया। इस दौरान रवि विश्वकर्मा, विवेक सिंह, धर्मेंद्र विश्वकर्मा, अमन गुप्ता, आनंद सिंह, गोलू यादव सहित अन्य मौजूद थे।

एनसीसी ने हासिल किया प्रथम स्थान

बैकुण्ठपुर। 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शासकीय आदर्श रामानुज उच्चतर माध्यमिक विद्यालय द्वारा मिनी स्टेडियम बैकुण्ठपुर में आयोजित स्वतंत्रता दिवस समारोह में विद्यालय के एनसीसी कैडेट्स ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में माननीय विधायक भईया लाल राजवाड़े उपस्थित रहे। कार्यक्रम में कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव तथा पुलिस अधीक्षक हरीश राठौर सहित जिले के वरिष्ठ अधिकारी, जनप्रतिनिधि, शिक्षक-शिक्षिकाएं एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यालय के विद्यार्थियों द्वारा अनुशासित एवं आकर्षक परेड प्रस्तुत की गई। कमांडर सार्जेंट मेजर अनीश कुमार राजवाड़े के नेतृत्व में कैडेट्स ने शानदार मार्च-पास्ट किया। पायलट सत्यम गुप्ता एवं नीतिश कुमार ने भी अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। मुख्य अतिथि माननीय विधायक श्री भईया लाल राजवाड़े जी के द्वारा एन0 सी0 सी0 दल को परेड में प्रथम स्थान प्राप्त करने पर पुरस्कार से सम्मानित किया गया।

रेलवे की आरक्षित टिकटों की अवैध खरीदी बिक्री करने के मामले में दो आरोपियों को आरपीएफ ने पकड़ा

- हाथ से लिखकर फर्जी पीएनआर वाले टिकट तैयार करने वाले अंतरराज्यीय नेटवर्क का खुलासा
- 3.68 लाख रुपये मूल्य के 60 रेल टिकटों के स्क्रीनशॉट हुए बरामद

बिश्रामपुर। रेलवे आरक्षित टिकटों की अवैध खरीद-बिक्री के मामले में रेलवे सुरक्षा बल ने बड़ी कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जांच में सामने आया कि बैकुंठपुर स्थित सीटी पीआरएस काउंटर से खाली टिकटों पर हाथ से पीएनआर नंबर और अन्य जानकारी लिखकर टिकट तैयार किए जाते थे,इसके बाद इन्हें अधिक कीमत पर ग्राहकों को ब्लैक में बेचा जाता था।

कार्रवाई के दौरान कुल 60 तत्काल एवं सामान्य आरक्षित रेल टिकटों के स्क्रीनशॉट जब्त किए गए, जिनकी कुल कीमत करीब 3 लाख 68 हजार 351 रुपये बताई गई है,वरिष्ठ मंडल सुरक्षा आयुक्त बिलासपुर के निर्देश पर आरपीएफ निरीक्षक सुनीता मिंज द्वारा मामले की जांच की गई,जांच अधिकारी ने बताया कि जांच के दौरान पता चला कि 1 अगस्त 2026 को सीटी पीआरएस बैकुंठपुर के काउंटर से जारी एक खाली टिकट पर पेन से पीएनआर नंबर एवं अन्य जानकारी लिखी गई थी,यह टिकट इलाहाबाद जंक्शन में जांच के दौरान पकड़ा गया,सिस्टम में पीएनआर नंबर की जांच करने पर वह गलत पाया गया,मामले में जीआरपी जौनपुर द्वारा उक्त टिकट को जब्त कर अपराध क्रमांक 22/26, दिनांक 5 अगस्त 2026 को बीएनएस की धारा 318(4), 319(2) के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू की गई,जांच आगे बढ़ने पर बैकुंठपुर सीटी पीआरएस में कार्यरत नगर पालिका के संविदा कर्मचारी अविनाश कुमार पिता शंभू सिंह, उम्र 35 वर्ष, निवासी नवापारा सरडी, थाना चरचा, जिला कोरिया की भूमिका सामने आई,जांच में आरोप है कि अविनाश कुमार खाली टिकट पर हाथ से पीएनआर एवं अन्य जानकारी लिखकर टिकट तैयार करता था और इन्हें संजय विश्वकर्मा पिता अमरनाथ विश्वकर्मा, उम्र 48 वर्ष, निवासी वार्ड नंबर 21, मोहल्ला पिरखापुर, थाना व जिला भदोही, उत्तर प्रदेश को भेजता था।पूछताछ में अविनाश कुमार द्वारा टिकट तैयार कर बस के माध्यम से बनारस भेजने तथा इसके बदले प्रति व्यक्ति 400 रुपये कमीशन लेने की बात स्वीकार किए जाने की जानकारी सामने आई है,वहीं संजय विश्वकर्मा ने टिकट प्राप्त कर अलग-अलग ग्राहकों को बेचने और प्रति टिकट 600 से 800 रुपये तक लाभ कमाने की बात स्वीकार की।जांच के दौरान संजय कुमार के मोबाइल फोन की व्हाट्सऐप चैट की जांच में कुल 60 तत्काल एवं सामान्य रेलवे आरक्षित टिकटों से संबंधित जानकारी मिली,इनमें 14 टिकट ऐसे पाए गए, जिन पर हाथ से पीएनआर नंबर एवं अन्य विवरण लिखे गए थे और जिन्हें अविनाश कुमार के मोबाइल से भेजा गया था,पूछताछ में अविनाश ने काउंटर से तत्काल टिकट बनाने तथा 14 टिकट हाथ से लिखकर संजय को उपलब्ध कराने की बात स्वीकार की।

खबर संक्षेप

विद्यालय को मिली डेस्क-बेंच और शैक्षणिक सामग्री

मनेन्द्रगढ़। विद्यालय की शैक्षणिक एवं आधारभूत व्यवस्थाओं को बेहतर बनाने तथा समाज में सहयोग एवं सेवा की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल की गई। मारवाड़ी युवा मंच तेजस्वी शाखा की अध्यक्षा अनीता फरमानिया द्वारा विद्यालय के भैया-बहनों के लिए 20 सेट डेस्क-बेंच प्रदान किए गए। इसके साथ ही विद्यालय के 200 भैया-बहनों को कॉपियां एवं पेन भी वितरित किए गए। विद्यार्थियों में उत्साह का माहौल देखने को मिला। विद्यालय परिवार की ओर से मारवाड़ी युवा मंच तेजस्वी शाखा की अध्यक्षा अनीता फरमानिया के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि शिक्षा के क्षेत्र में समाज का सहयोग विद्यार्थियों के भविष्य को बेहतर बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। विद्यालय में आवश्यक संसाधनों की उपलब्धता से विद्यार्थियों को पढ़ाई के लिए बेहतर वातावरण मिलता है और उनके मनोबल में भी वृद्धि होती है।

विभिन्न पदों पर मिलेगा रोजगार का अवसर

मनेन्द्रगढ़। जिले के शिक्षित बेरोजगार युवाओं के लिए रोजगार का सुनहरा अवसर है। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र, एमसीबी द्वारा 25 अगस्त 2026, मंगलवार को प्रातः 11 बजे से शाम 4 बजे तक औद्योगिक प्रशिक्षण संस्था (आईटीआई), मनेन्द्रगढ़ में रोजगार मेले का आयोजन किया जाएगा। निजी क्षेत्र की कंपनियों द्वारा विभिन्न पदों पर कुल 135 रिक्तियों के लिए युवाओं का चयन किया जाएगा। रोजगार मेले में वेदांता स्किल स्कूल, लर्निंग स्किल्स लिमिटेड, कोरबा द्वारा वेल्डर के 20 पद, होटल मैनेजमेंट के 25 पद तथा सिलाई मशीन ऑपरेटर के 25 पदों पर भर्ती की जाएगी।

सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान

मनेन्द्रगढ़। राज्य शासन, कलेक्टर सुश्री संतन देवी जांगड़े के निदेशानुसार, एवं डॉ. अविनाश खरे, मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला एमसीबी के मार्गदर्शन में खाद्य एवं औषधि प्रशासन द्वारा आम नागरिकों को सुरक्षित, गुणवत्तापूर्ण एवं मानक खाद्य पदार्थ उपलब्ध कराने तथा आगामी रक्षाबंधन पर्व को दृष्टिगत रखते हुए बने खाबो-बने रहिबो 2.0 सात दिवसीय सघन खाद्य सुरक्षा प्रवर्तन एवं जन-जागरूकता अभियान का आयोजन 17 अगस्त से 23 अगस्त 2026 तक किया जा रहा है। अभियान के दौरान जिले में मिठाई, कन्फेक्शनरी, नमकीन, डेयरी उत्पाद, होटल-रेस्टोरेंट, ढाबा एवं स्ट्रीट फूड प्रतिष्ठानों का सघन निरीक्षण किया जाएगा। विशेष रूप से मिलावटी, अमानक, मिथ्याछाप, भ्रामक लेबलिंग वाले तथा असुरक्षित खाद्य पदार्थों की पहचान कर नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी।

साइबर अपराध के खिलाफ साइबर जागृति अभियान शुरु

बैकुण्ठपुर। साइबर अपराध के प्रति आम लोगों को जागरूक और सुरक्षित करने के उद्देश्य से छत्तीसगढ़ पुलिस द्वारा 15 अगस्त से 2 अक्टूबर तक सात सप्ताह का व्यापक साइबर जागृति अभियान चलाया जाएगा। अभियान का उद्देश्य जनभागीदारी के माध्यम से साइबर अपराध के प्रति जागरूकता का संदेश प्रदेश के अधिक से अधिक लोगों तक पहुंचाना और छत्तीसगढ़ को साइबर अपराध मुक्त बनाने की दिशा में प्रयास करना है। जिला पुलिस टीमों और स्थानीय थानों द्वारा सार्वजनिक स्थानों, चौक-चौराहों, पार्कों और बाजारों में पोस्टर-बैनर के माध्यम से प्रचार किया जाएगा। राज्य पुलिस एवं जिला पुलिस के सोशल मीडिया हैंडल्स तथा व्हाट्सएप ग्रुप्स के माध्यम से भी अभियान की लिंक प्रसारित कर लोगों को सेल्फी लेने और सोशल मीडिया पर शेयर करने के लिए प्रोत्साहित किया जाएगा। 2 अक्टूबर को गांधी जयंती के दिन साइबर जागृति अभियान का समापन होगा।

80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया

कुड़ेली में देशभक्ति नारों के साथ निकली प्रभात फेरी

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली में 80वां स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास, गरिमा एवं देशभक्ति की भावना के साथ मनाया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विद्यालय परिसर में प्राचार्य श्रीमती अमिता त्रिवेदी द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। इसके पश्चात राष्ट्रगान का सामूहिक गायन किया गया तथा देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति प्रतिबद्धता व्यक्त की गई। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर भारत माता की जय एवं विभिन्न देशभक्ति नारों से गूंज उठा। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय कुड़ेली, माध्यमिक शाला, प्राथमिक शाला एवं सरस्वती शिशु मंदिर के शिक्षक-शिक्षिकाओं तथा विद्यार्थियों द्वारा संयुक्त रूप से भव्य प्रभात फेरी निकाली गई। प्रभात फेरी में विद्यार्थियों ने देशभक्ति नारों एवं राष्ट्रप्रेम के संदेशों के माध्यम से ग्रामीणों में देशभक्ति की भावना का संचार किया। प्रभात फेरी के पंचायत पहुंचने पर ग्राम पंचायत परिसर में सरपंच श्रीमती श्रुति पैकरा द्वारा ध्वजारोहण किया गया। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों, शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने तथा देश की एकता और अखंडता को बनाए रखने का संकल्प लिया। कार्यक्रम के दौरान बीरेन्द्र राजवाड़े, एच.एम अशोक पटेल , प्राचार्य सरस्वती शिशु मंदिर कृपाल राजवाड़े ,वरिष्ठ व्याख्याता समायन सिंह कंवर, श्रीमती कमला एक्का, एन एन एस प्रभारी उमेश साहू, बृजेश साहू, श्री कमल कुशवाहा, पीयूष कुजूर, डी कन्हैया, , शशि पटेल, शालिनी खलखो, हेमंती प्रधान, नेहा बेक,दीपमाला खलखो सहित विद्यालय परिवार एवं ग्रामीणों में उत्साह और देशभक्ति का वातावरण देखने को मिला। स्वतंत्रता दिवस समारोह ने विद्यार्थियों में राष्ट्रप्रेम, अनुशासन, एकता एवं सामाजिक सहभागिता की भावना को और मजबूत किया।

राजवाड़े नर्सिंग में शान से लहराया तिरंगा

बैकुण्ठपुर। राजवाड़े इंस्टीट्यूट ऑफ नर्सिंग में 15 अगस्त के पावन अवसर पर स्वतंत्रता दिवस समारोह का आयोजन हर्षोल्लास एवं देशभक्ति की भावना के साथ किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत संस्था के संचालक द्वारा राष्ट्रीय ध्वज फहराने के साथ हुई। जिसमें अतिथिगण, संस्थान के प्राचार्य, शिक्षकगण छात्र-छात्राओं एवं संस्था में कार्यरत सभी स्टाफ की गरिमामयी उपस्थिति में तिरंगा शान से लहराया गया। ध्वजारोहण के पश्चात सभी ने राष्ट्रगान का सामूहिक रूप से गायन किया और देश की एकता, अखंडता एवं संप्रभुता के प्रति सम्मान व्यक्त किया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम, भाषण एवं प्रस्तुतियाँ दीं। कार्यक्रम में स्वतंत्रता सेनानियों के त्याग, संघर्ष और बलिदान को याद करते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों एवं जिम्मेदारियों के प्रति जागरूक किया गया।

उत्कृष्ट कार्य के लिए शिक्षिका सम्मानित

बैकुण्ठपुर। विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास और नवाचार आधारित शिक्षण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने पर शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारा की शिक्षिका नीतू कुशवाहा को स्वतंत्रता दिवस समारोह के अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी जितेन्द्र गुप्ता द्वारा प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास विकसित करने के लिए उनके द्वारा किए जा रहे निरंतर प्रयासों की सराहना की गई। शासकीय पूर्व माध्यमिक शाला सारा की शिक्षिका नीतू कुशवाहा विद्यार्थियों के सर्वांगीण विकास के लिए निरंतर मेहनत, लगन और समर्पण के साथ कार्य कर रही हैं। वे प्रयोगात्मक एवं गतिविधि आधारित शिक्षण के माध्यम से बच्चों में वैज्ञानिक सोच, रचनात्मकता और आत्मविश्वास विकसित करने का प्रयास कर रही हैं। शिक्षिका नीतू कुशवाहा का मानना है कि हर बच्चे की प्रतिभा को पहचानना और उसे आगे बढ़ने का अवसर देना ही सच्ची शिक्षा है।

प्रतिभावान छात्राओं का हुआ सम्मान

चिरमिरी। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में प्रतिभावान छात्राओं को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से सम्मान एवं पुरस्कार वितरण समारोह का आयोजन किया गया। समारोह में बोर्ड परीक्षाओं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाली छात्राओं को नगद पुरस्कार एवं स्मृति-चिह्न प्रदान कर सम्मानित किया गया। समारोह में कक्षा 12वीं के विज्ञान संकाय में सर्वोच्च अंक प्राप्त करने वाली छात्राओं को 1500-1500 रुपये की नगद पुरस्कार राशि एवं स्मृति-चिह्न प्रदान किए गए। वहीं कक्षा 10वीं एवं 8वीं में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को 1100-1100 रुपये नगद एवं स्मृति-चिह्न देकर सम्मानित किया गया। बोर्ड परीक्षाओं में द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाली छात्राओं को भी स्मृति-चिह्न प्रदान कर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने मनमोहक एवं रंगारंग सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। प्रतिभावान छात्राओं के सम्मान से विद्यालय परिसर में उत्साह का माहौल रहा। कार्यक्रम को सफल बनाने में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं समस्त विद्यालय परिवार का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

सशिमं में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

मनेन्द्रगढ़। विद्यालय में देशभक्ति, राष्ट्रप्रेम और उत्साह से ओत-प्रोत वातावरण में 80वाँ स्वतंत्रता दिवस गरिमापूर्ण ढंग से मनाया गया। विद्यालय परिसर तिरंगे के रंगों और देशभक्ति की भावना से सराबोर नजर आया सर्वप्रथम विद्यालय प्राथमिक भवन में ध्वजा रोहण मे विद्यालय के वयवस्थपक दिनेश्वर मिश्र द्वारा एवम उच्चतर माध्यमिक विद्यालय भवन में विद्यालय ले अध्यक्ष सुंदर लाल दुग्गड द्वारा किया गया तत्पश्चात विद्यालय- भैया बहनों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत गीत, भाषण, कविता, नृत्य एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और राष्ट्रनायकों को श्रद्धापूर्वक नमन किया।

मार्च पास्ट कर विद्यार्थियों ने तिरंगे को दी सलामी

जनकपुर। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर न्यू लाइफ इंग्लिश हायरसेकंडरी स्कूल, जनकपुर में 15 अगस्त का राष्ट्रीय पर्व हर्षोल्लास, उत्साह और देशभक्ति की भावना के साथ धूमधाम से मनाया गया। विद्यालय परिसर को राष्ट्रीय ध्वज और देशभक्ति से जुड़े आकर्षक सजावट से सजाया गया था। सुबह से ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों की चहल-पहल रही। बच्चों में स्वतंत्रता दिवस को लेकर खासा उत्साह देखने को मिला। कार्यक्रम का शुभारंभ पी.एन. पटेल द्वारा ध्वजारोहण के साथ हुआ। जैसे ही राष्ट्रीय ध्वज तिरंगे का आरोहण हुआ, पूरा विद्यालय परिसर राष्ट्रभक्ति के भाव से ओत-प्रोत हो गया। उपस्थित विद्यार्थियों, शिक्षकों और अभिभावकों ने राष्ट्रगान के दौरान तिरंगे को सम्मानपूर्वक सलामी दी। वातावरण देशभक्ति के नारों और भारत माता के जयघोष से गूंज उठा। इस अवसर पर विद्यालय के डायरेक्टर डेनियल पटेल ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि देश को मजबूत और विकसित बनाने में युवाओं तथा विद्यार्थियों की भूमिका बेहद महत्वपूर्ण है।

कोरिया के जीराफूल चावल ने बनाई नई पहचान

एफपीओ मॉडल से किसानों को मिल रहा बेहतर बाजार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

कोरिया जिले का पारंपरिक और सुगंधित जीराफूल चावल प्राकृतिक खेती और किसान उत्पादक संगठन (एफपीओ) के प्रभावी मॉडल से नई पहचान बना रहा है। जिला प्रशासन एवं कृषि विभाग द्वारा स्थानीय कृषि उत्पादों को प्रोत्साहित करने और किसानों को बेहतर बाजार उपलब्ध कराने की दिशा में किए जा रहे प्रयासों से जीराफूल चावल की पहुंच स्थानीय बाजार से आगे व्यापक स्तर तक बढ़ रही है।

कृषि विभाग के उप संचालक राजेश भारती ने बताया कि कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में कोरिया जिले में एफपीओ से जुड़े 832 किसान प्राकृतिक खेती पद्धति से जीराफूल धान का उत्पादन कर रहे हैं। किसान खेती में जीवामृत, बीजामृत जैसे जैव- आधारित इनपुट का उपयोग कर रहे हैं।प्राकृतिक खेती से उत्पादित जीराफूल धान को गुणवत्ता, प्रमाणन और बेहतर पैकेजिंग के माध्यम से बाजार में विशिष्ट पहचान दिलाने पर भी जोर दिया जा रहा है।

किसानों की उपज को केवल उत्पादन तक सीमित रखने के बजाय उसे संगठित बाजार से जोड़ने में एफपीओ महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहा है। सोनहत गौरव एग्रोफेड कृषक उत्पादक बहुउद्देशीय सहकारी समिति मर्यादित के माध्यम से जीराफूल चावल के एकत्रीकरण, प्रसंस्करण, ब्रांडिंग, पैकेजिंग एवं विपणन को बढ़ावा दिया जा रहा है। इससे किसानों को सामूहिक रूप से बाजार तक पहुंच बनाने और अपनी उपज के बेहतर मूल्य प्राप्त करने के अवसर मिल रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने भी किसानों के प्रयासों की सराहना की

कोरिया के जीराफूल चावल को राष्ट्रीय स्तर पर मिल रही पहचान को लेकर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने भी जिले के किसानों के प्रयासों की सराहना की है। पारंपरिक कृषि उत्पाद को प्राकृतिक खेती, एफपीओ और बेहतर विपणन से जोड़ने की यह पहल किसानों के लिए नए बाजार और मूल्य संवर्धन के अवसर खोल रही है। कृषि विभाग द्वारा किसानों को प्राकृतिक खेती की तकनीक, जैव-इनपुट निर्माण, गुणवत्तापूर्ण उत्पादन तथा एफपीओ के माध्यम से विपणन के संबंध में निरंतर मार्गदर्शन दिया जा रहा है।

भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ की बैठक

बैकुण्ठपुर। भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला शाखा कोरिया की बैठक स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन की सामाजिक गतिविधियों को विस्तार देने और स्थानीय समाज के वरिष्ठ एवं सहृदय लोगों को क्रमशः संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में स्थानीय व्यवसायी रामप्रकाश गोस्वामी, संचालक यूनिका ऑटो, ने बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती के छायाचित्र पर धूप-पुष्प अर्पित कर तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन एवं श्रद्धांजलि देकर की गई। बैठक में नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन के सदस्यों में उत्साह का संचार हुआ। श्रीमती कलावती यादव और श्रीमती मंजू साहू ने संघ की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की, जिनका सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। महिलाओं के संगठन से जुड़ने को महासंघ के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया गया। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जिले में सियान-सदन की स्थापना का प्रस्ताव तैयार कर कोरिया कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन की प्रतियां जिले के विधानसभा प्रतिनिधियों और मीडिया के प्रतिनिधियों को भी देने पर सहमति बनी। साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष के माध्यम से ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कराने का निर्णय लिया गया।

32 खातों को 4.90 करोड़ के ऋण की स्वीकृति

बैकुण्ठपुर। सेंट्रल बैंक ऑफ इंडिया, जिला कोरिया के अग्रणी बैंक के तत्वावधान में आज जिले की बैकुंठपुर, पांडवपारा, सरडी, रजौली एवं सोनहत शाखाओं द्वारा आरसेटी में मेगा कृषि ऋण आउटरीच कैंप का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी योगेंद्र श्रीवास ने किया। मुख्य अतिथि ने उपस्थित किसानों को संबोधित करते हुए कहा कि किसान अपनी आवश्यकताओं के अनुसार बैंक से अधिक से अधिक ऋण सुविधा का लाभ लें और ऋण की राशि समय पर वापस करें। उन्होंने बैंकों से भी प्राप्त ऋण आवेदनों का समयबद्ध निराकरण करते हुए पात्र हितग्राहियों को शीघ्र ऋण उपलब्ध कराने की अपील की।

कोरिया की बहनों का फौजी भाइयों के नाम प्यार, भेजीं हजारों राखियां

बैकुण्ठपुर। कोरिया जिले की बहनों की ओर से देश की सीमाओं की रक्षा में तैनात फौजी भाइयों के लिए प्रेम और सम्मान का संदेश भेजा गया है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव के मार्गदर्शन में जिला प्रशासन एवं महिला एवं बाल विकास विभाग की ओर से जिले से साढ़े 4 हजार राखियां फौजी भाइयों के लिए प्रेषित की गई हैं। इन राखियों को अंबिकापुर में आयोजित कार्यक्रम के दौरान फौजी भाइयों को समर्पित किया जाएगा। राखियों के माध्यम से जिले की बहनों ने देश की रक्षा में समर्पित सैनिकों के प्रति अपनी कृतज्ञता और भाईचारे की भावना व्यक्त की है। कलेक्टर श्रीमती रोक्तिमा यादव ने कहा कि सैनिक देश की सीमाओं की रक्षा करते हुए अपना जीवन राष्ट्र के लिए समर्पित करते हैं। उनके प्रति सम्मान और स्नेह व्यक्त करना हम सभी का दायित्व है। राखी का यह धागा केवल भाई-बहन के रिश्ते का प्रतीक नहीं, बल्कि देश की सुरक्षा और सैनिकों के प्रति पूरे समाज के विश्वास, सम्मान और अपनत्व का प्रतीक भी है।

वित्तीय वर्ष 2026-27 के कार्यों का होगा अनुमोदन

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

विकसित भारत-रोजगार और आजीविका गारंटी मिशन (ग्रामीण) (वीबी - जीरामजी) के प्रभावी क्रियान्वयन के लिए 20 अगस्त, 2026 को आयोजित होने वाली ग्राम सभाओं में योजना से संबंधित महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा की जाएगी। ग्राम सभाओं में ग्रामीणों को योजना के प्रावधानों, अधिकारों, लाभों एवं अनुमेय कार्यों की जानकारी देने के साथ-साथ वित्तीय वर्ष 2026-27 में योजना के अंतर्गत लिए जाने वाले कार्यों का ग्राम सभा से अनुमोदन कराया जाएगा।

मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय ने 6 अगस्त को पत्रकार वार्ता में कहा था कि वीबी - जीरामजी के अंतर्गत सभी विकास कार्यों का चयन ग्राम सभा की स्वीकृति से किया जाएगा। चालू वित्तीय वर्ष में मनरेगा एवं वीबी - जीरामजी के माध्यम से राज्य को लगभग 6 हजार 855 करोड़ रुपए प्राप्त होंगे, जो ग्रामीण रोजगार एवं विकास कार्यों के लिए राज्य में अब तक का सबसे बड़ा वित्तीय निवेश है। योजना के लिए वर्ष 2026-27 में 5,591.42 करोड़ रुपए का प्रस्तावित बजट रखा गया है तथा प्रथम किस्त के रूप में भारत सरकार से 1,538 करोड़ रुपए से अधिक की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हो चुकी है।

मेरी बेटी, मेरा अभिमान 26 जनवरी, 2027 तक चलेगा

मुख्यमंत्री ने ग्रामीण विकास को नई गति देने के उद्देश्य से ह्यमेरी बेटी, मेरा अभिमान अभियान का भी शुभारंभ किया है। 15 अगस्त, 2026 से 26 जनवरी, 2027 तक चलने वाले इस अभियान के अंतर्गत प्रत्येक गांव में मुक्तिधाम एवं प्रतीक्षालय तथा ग्रामीण क्षेत्रों के शासकीय विद्यालयों में बालिकाओं के लिए शौचालय निर्माण जैसे महत्वपूर्ण कार्य किए जाएंगे। इन कार्यों सहित योजना के अंतर्गत अन्य विकास कार्यों का चयन एवं अनुमोदन ग्राम पंचायत और ग्राम सभा की सहभागिता एवं स्वीकृति के आधार पर किया जाएगा। 20 अगस्त की ग्राम सभा में विकसित ग्राम पंचायत योजना (वीजीपीपी) के संबंध में भी ग्रामीणों को जानकारी दी जाएगी।

कोरिया में अब तक 625.63 मिमी औसत वर्षा

बारिश से छलका झुमका बांध, वेस्ट वियर से बहने लगा पानी

हरिभूमि न्यूज ⏭ बैकुंठपुर

शहर के निकट स्थित मध्यम श्रेणी का झुमका बांध लगातार कई दिनों से हो रही बारिश के बाद छलक गया है। बांध का जलस्तर बढ़ने के साथ ही वेस्ट वियर से अतिरिक्त पानी का बहाव शुरू हो गया है। वेस्ट वियर से गिरता पानी इन दिनों आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।

मनमोहक नजारे को देखने के लिए प्रतिदिन बड़ी संख्या में लोग झुमका बांध पहुंच रहे हैं। यह लगातार दूसरा वर्ष है, जब अच्छी बारिश के बाद झुमका बांध लबालब होकर छलक उठा है। बांध के वेस्ट वियर से बहते पानी का दृश्य लोगों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। बारिश के बीच बांध का प्राकृतिक सौंदर्य और पानी के तेज बहाव का नजारा देखने के लिए आसपास के क्षेत्रों से भी लोग पहुंच रहे हैं। झुमका बांध में पानी की आवक बढ़ने के साथ ही आसपास के क्षेत्र में हरियाली भी निखर उठी है। बांध और उसके आसपास का प्राकृतिक वातावरण लोगों के लिए आकर्षण का केंद्र बन गया है। खासकर बारिश के मौसम में झुमका बांध का यह नजारा लोगों को खूब भा रहा है।

अब तक 625.63 मिमी औसत वर्षा

जिले में मानसून के दौरान अब तक 625.63 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई है। 1 जून 2026 से 17 अगस्त तक जिले में कुल 2502.50 मिलीमीटर वर्षा हुई है। कलेक्टर कार्यालय की भू-अभिलेख शाखा से जारी वर्षा प्रतिवेदन के अनुसार, 17 अगस्त को जिले में कुल 15.30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई, जबकि जिले की औसत दैनिक वर्षा 3.83 मिलीमीटर रही। पोड़ी-बचरा में आज सर्वाधिक 7.50 मिमी बारिश तहसीलवार आंकड़ों के अनुसार आज पोड़ी-बचरा में सर्वाधिक 7.50 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई। इसके बाद सोनहत में 5.00 मिलीमीटर, पटना में 2.20 मिलीमीटर और बैकुंठपुर में 0.60 मिलीमीटर बारिश हुई। 1 जून से अब तक पटना तहसील में सर्वाधिक 682.00 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है। बैकुंठपुर में 663.80 मिलीमीटर, सोनहत में 588.40 मिलीमीटर और पोड़ी-बचरा में 568.30 मिलीमीटर वर्षा दर्ज हुई है। बैकुंठपुर में अब तक 102.50 प्रतिशत वर्षा दर्ज की गई है।

मनेन्द्रगढ़ अस्पताल में दो शिशु रोग विशेषज्ञों की तत्काल नियुक्ति की मांग

मनेन्द्रगढ़। मनेन्द्रगढ़ शासकीय अस्पताल में शिशु रोग विशेषज्ञों की कमी को लेकर नगर पालिका परिषद की वार्ड क्रमांक 07 की पार्षद कृतिका रवि जैन ने स्वास्थ्य मंत्री श्याम बिहारी जायसवाल को पत्र सौंपकर तत्काल कम से कम दो शिशु रोग विशेषज्ञ चिकित्सकों की नियुक्ति किए जाने की मांग की है। पार्षद कृतिका रवि जैन ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि वर्तमान समय में मनेन्द्रगढ़ शासकीय अस्पताल में बच्चों के डॉक्टर यानी शिशु रोग विशेषज्ञों की अत्यंत कमी बनी हुई है। बरसात के मौसम में बड़ी संख्या में बच्चे सर्दी, बुखार, वायरल संक्रमण एवं अन्य मौसमी बीमारियों से पीड़ित होकर अस्पताल पहुंच रहे हैं। इसके चलते अस्पताल में बच्चों और उनके परिजनों की भीड़ बढ़ रही है, लेकिन पर्याप्त संख्या में विशेषज्ञ चिकित्सक उपलब्ध नहीं होने से मरीजों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पत्र में यह भी कहा गया है कि वर्तमान में उपलब्ध चिकित्सक की तबीयत



खराब होने के कारण स्वास्थ्य सेवाओं पर अतिरिक्त दबाव पड़ रहा है। ऐसी स्थिति में छोटे बच्चों के उपचार में किसी भी प्रकार की देरी गंभीर समस्या का कारण बन सकती है। पार्षद ने बच्चों के स्वास्थ्य को प्राथमिकता देते हुए तत्काल चिकित्सकीय व्यवस्था मजबूत किए जाने की आवश्यकता जताई है। कृतिका जैन ने स्वास्थ्य मंत्री से आग्रह किया है कि मनेन्द्रगढ़ शासकीय अस्पताल में कम से कम दो शिशु रोग विशेषज्ञ डॉक्टरों की नियुक्ति तत्काल प्रभाव से की जाए।

खबर संक्षेप

नाग पंचमी और सावन सोमवार पर कोठी पत्थल शिव मंदिर में उमड़ा आस्था का सैलाब

राजपुर। सावन के तीसरे सोमवार और नाग पंचमी के पावन अवसर पर राजपुर विकासखंड मुख्यालय से करीब तीन किलोमीटर दूर ग्राम ओकरा स्थित प्राचीन कोठी पत्थल शिव मंदिर में श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। सुबह से ही नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे। भक्तों ने भगवान शिव का जलाभिषेक कर बेलपत्र, दूध और पुष्प अर्पित किए। मंदिर परिसर दिनभर हर-हर महादेव और बोल बम के जयकारों से गूंजता रहा। ग्राम ओकरा के कोठी पत्थल शिव मंदिर में प्राचीन शिवलिंग स्थापित है। मंदिर समिति के सदस्य दसरू राम ने बताया कि मंदिर परिसर में खुदाई के दौरान अब तक नौ शिवलिंग प्राप्त हो चुके हैं। श्रद्धालुओं के बीच मान्यता है कि इन शिवलिंगों का आकार हर वर्ष थोड़ा-थोड़ा बढ़ता है। इसी मान्यता और यहां की धार्मिक आस्था के कारण दूर-दराज के क्षेत्रों से भी लोग दर्शन और जलाभिषेक के लिए पहुंचते हैं। लोगों का विश्वास है कि सच्चे मन से यहां पूजा-अर्चना करने से मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं। नाग पंचमी के अवसर पर मंदिर में विशेष पूजा-अर्चना और अभिषेक किया गया। महिलाओं सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने व्रत रखकर भगवान शिव एवं नाग देवता की पूजा की। सुबह से ही मंदिर में दर्शन और जलाभिषेक के लिए श्रद्धालुओं की कतार लगी रही। मंदिर समिति की ओर से श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद एवं भंडारे की व्यवस्था की गई। इस दौरान खीर और केले का प्रसाद वितरित किया गया। खीर का वितरण महेंद्र अग्रवाल की ओर से तथा केले का प्रसाद संदीप सोनी, महुआपारा की ओर से कराया गया। श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। समिति सदस्यों ने बताया कि सावन के प्रत्येक सोमवार को मंदिर में बड़ी संख्या में श्रद्धालु पहुंचते हैं। इस कारण सावन माह में हर सोमवार को भंडारे का आयोजन कई वर्षों से की जाती है।

नाग पंचमी और सावन सोमवार को शिवपुर धाम में श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

प्रतापपुर। नाग पंचमी एवं सावन के तीसरे सोमवार के पावन अवसर पर बाबा जलेश्वर नाथ शिवपुर धाम में सुबह से ही श्रद्धालुओं पहुंचने लगे। बड़ी संख्या में पहुंचे शिव भक्तों ने भगवान भोलेनाथ का दर्शन कर बेलपत्र, फूल, नारियल, अगरबत्ती एवं अन्य पूजन सामग्री अर्पित करते हुए विधि-विधान से जलाभिषेक किया। सुबह से ही मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं की लंबी कतारें देखने को मिलीं। बड़ी संख्या में कांवरिया सरईशोर, कैलाश गुफा एवं बाकी नदी सहित विभिन्न स्थानों से पवित्र जल लेकर पहुंचे और बाबा जलेश्वर नाथ का जलाभिषेक कर सुख-समृद्धि एवं परिवार की मंगल कामना की। नाग पंचमी और सावन की तीसरी सोमवारी के संयोग पर बाबा जलेश्वर नाथ के दर्शन एवं जलाभिषेक के लिए सुबह से देर तक श्रद्धालुओं के पहुंचने का सिलसिला जारी रहा। मंदिर परिसर में भक्ति, आस्था और उत्साह का अद्भुत संगम देखने को मिला।

भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ की बैठक

बैकुण्ठपुर। भारतीय राज्य पेंशनर महासंघ जिला शाखा कोरिया की बैठक स्वतंत्रता दिवस की 80वीं वर्षगांठ के अवसर पर आयोजित की गई। बैठक में संगठन की सामाजिक गतिविधियों को विस्तार देने और स्थानीय समाज के वरिष्ठ एवं सहृदय लोगों को क्रमशः संगठन से जोड़ने का निर्णय लिया गया। इसी कड़ी में स्थानीय व्यवसायी रामप्रकाश गोस्वामी, संचालक यूनिका ऑटो, ने बैठक की अध्यक्षता की। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती के छायाचित्र पर धूप-पुष्प अर्पित कर तथा स्वतंत्रता संग्राम के वीर शहीदों को नमन एवं श्रद्धांजलि देकर की गई। बैठक में नए सदस्यों के जुड़ने से संगठन के सदस्यों में उत्साह का संचार हुआ। श्रीमती कलावती यादव और श्रीमती मंजू साहू ने संघ की औपचारिक सदस्यता ग्रहण की, जिनका सदस्यों ने करतल ध्वनि से स्वागत किया। महिलाओं के संगठन से जुड़ने को महासंघ के लिए महत्वपूर्ण कदम बताया गया। बैठक में पिछली बैठक में लिए गए निर्णय के अनुसार जिले में सियान-सदन की स्थापना का प्रस्ताव तैयार कर कोरिया कलेक्टर के समक्ष ज्ञापन के रूप में प्रस्तुत करने का निर्णय लिया गया। ज्ञापन की प्रतियां जिले के विधानसभा प्रतिनिधियों और मीडिया के प्रतिनिधियों को भी देने पर सहमति बनी। साथ ही प्रांतीय अध्यक्ष के माध्यम से ज्ञापन की एक प्रति मुख्यमंत्री के समक्ष प्रस्तुत कराने का निर्णय लिया गया।

रेवटी में प्रधानमंत्री सड़क योजना की सड़क बदहाल

लगातार हो रही भारी बारिश से बह गई सड़क, आवागमन प्रभावित

बारिश से क्षतिग्रस्त सड़क।

हरिभूमि न्यूज ⏭ प्रतापपुर

ग्राम रेवटी में प्रधानमंत्री सड़क योजना के तहत निर्मित सड़क इन दिनों बदहाली का शिकार है। क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से सड़क जगह-जगह से उखड़ने लगी है। जबकि एक जगह तेज बारिश के कारण सड़क के किनारों की मिट्टी के साथ ही सड़क भी बह गई जिससे अब आवागमन भी प्रभावित हो गया है। सड़क के पूरी तरह से मिट्टी के साथ बह जाने से ग्रामीणों को आने-जाने में भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

खास बात
- बारिश में जगह-जगह उखड़ी सड़क

विकासखंड प्रतापपुर अंतर्गत ग्राम रेवटी के ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क निर्माण के दौरान ही गुणवत्ता को लेकर कई बार सवाल उठाए गए थे। निर्माण कार्य में निर्धारित मानकों का पालन नहीं किए जाने की शिकायत संबंधित अधिकारियों से भी की गई थी, लेकिन समय रहते इस ओर गंभीरता से ध्यान नहीं दिया गया जिसका खामियाजा अब क्षेत्र के लोगों को भुगतना पड़ रहा है। पिछले दो दिनों से क्षेत्र में लगातार हो रही भारी बारिश से रेवटी स्थित सड़क किनारे मिट्टी के साथ बह गई। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क की हालत देखकर सड़क निर्माण की गुणवत्ता आसानी से देखा जा सकता है। ग्रामीणों के अनुसार सड़क निर्माण में बेस की मजबूती और डामरीकरण को लेकर भी लापरवाही बरती गई। ग्रामीणों का आरोप है कि सड़क का बेस पर्याप्त मजबूत नहीं होने तथा डामर की गुणवत्ता एवं मात्रा को लेकर बरती गई कथित अनियमितताओं के कारण सड़क बारिश का दबाव नहीं झेल पा रही है और जगह-जगह से टूटकर उखड़ रही है और कुछ जगह मिट्टी के साथ बह गई है। ऐसे समय रहते सड़क की मरम्मत नहीं की गई तो आने वाले दिनों में सड़क की हालत और भी दयनीय हो सकती है।

जांच के दिए गए है निर्देश

रेवटी स्थित पीएम सड़क के बह जाने के संबंध में जांच के आदेश दिए गए है। साथ ही आवागमन सुलभ हो सके इसके लिए व्यवस्था बनाने के लिए अधिकारियों से बात की गई है।

-ललिता भगत
एसडीएम प्रतापपुर

सरईदहपारा की सड़क क्षतिग्रस्त, ग्रामीणों की बढ़ी परेशानी

ओड़गी। ग्राम पंचायत मसानकी के सरईदहपारा में बारिश ने ग्रामीणों की मुश्किलें बढ़ा दी है। लगातार बारिश के चलते गांव की सड़क बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई है, जिससे आवागमन लगभग ठप हो गया है। हालात खास तौर पर इसलिए गंभीर हैं क्योंकि इस पारा में अति पिछड़ी जनजाति के परिवार निवास करते हैं। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क टूटने के बाद पंचायत प्रतिनिधियों को समस्या बताने के लिए संपर्क करने की कोशिश की गई, लेकिन सरपंच और सचिव का फोन उठाना भी मुनासिब नहीं समझते जिससे गांव के लोगों में काफी नाराजगी है। ग्रामीणों का कहना है कि जब बरसात में सड़क टूटने से लोगों का रास्ता बंद हो गया है, तब उनकी परेशानी सुनने वाला कौन है। पंच योगेश कुमार पंडो, मकसूदन चेरवा, प्रताप पंडो और मोहित पंडो ने बताया कि सरईदहपारा में सड़क की हालत लगातार बिगड़ रही है। बारिश के दौरान राहगीरों के लिए आवागमन करना मुश्किल हो गया है। ऐसे में मरीजों, बुजुर्गों तथा स्कूली बच्चों को सबसे ज्यादा परेशानी उठानी पड़ रही है। ग्रामीणों की नाराजगी अब केवल टूटी सड़क तक सीमित नहीं है। उनका कहना है कि सड़क टूटी तो बारिश का कहर था, लेकिन समस्या बताने के लिए फोन किया और जिम्मेदारों की तरफ से जवाब तक न मिलने से ग्रामीणों ने समझते जिससे गांव के लोग नाराज है। ग्रामीणों का कहना है कि पंचायत की जिम्मेदारी संभाल रहे सरपंच-सचिव ग्रामीणों को इस परेशानी पर कब तक संज्ञान लेते हैं और प्रशासन कब तक सरईदहपारा की टूटी राह को दुरुस्त कराकर आवागमन बहाल करता है।

आवागमन में दिक्कत

प्रधानमंत्री सड़क योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों को बेहतर और सुगम सड़क सुविधा से जोड़ना है, ताकि ग्रामीणों को आवागमन में किसी तरह की परेशानी ना हो। लेकिन निर्माण कार्य में यदि गुणवत्ता से समझौता होता है तो करोड़ों रुपये की लागत से बनने वाली सड़कें कुछ ही समय में जर्जर होने लगती हैं। कुछ इस तरह की स्थिति रेवटी सड़क की है। बारिश के बाद गुणवत्ताहीन सड़क जवाब देने लगी है। ग्रामीणों कहना है कि सड़क के बह जाने से अब आवागमन में प्रभावित हो गई है और अब क्षेत्र के लोग अतिरिक्त दूरी कर मुख्यालय सहित अन्य क्षेत्रों में आवागमन करने को मजबूर है।

ग्रामीणों ने जांच और मरम्मत की मांग की

ग्रामीणों ने सड़क निर्माण की निष्पक्ष तकनीकी जांच कराने, निर्माण में इस्तेमाल सामग्री और गुणवत्ता की जांच करने तथा दोष पाए जाने पर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ कार्रवाई करने की मांग की है। साथ ही ग्रामीणों ने क्षतिग्रस्त सड़क की शीघ्र मरम्मत कराकर गुणवत्तापूर्ण तरीके से सड़क का निर्माण कराने की मांग की है, ताकि बरसात के दिनों में आवागमन सुचारु रह सके।

कतकालो में पूरी हुई वर्षों पुरानी मांग 300 एकड़ खेतों तक पहुंची बिजली

हरिभूमि न्यूज ⏭ अम्बिकापुर

ग्राम पंचायत कतकालो के किसानों की वर्षों पुरानी मांग आखिरकार पूरी हो गई। क्षेत्र में विद्युतीकरण विस्तार होने से अब लगभग 100 किसानों के 300 एकड़ खेतों में सिंचाई की सुविधा उपलब्ध हो सकेगी। नए पम्प कनेक्शन मिलने से गांव में खुशी का माहौल है। छत्तीसगढ़ राज्य युवा आयोग के अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर ने फीता काटकर और बल्ब जलाकर नए ट्रांसफार्मर का शुभारंभ किया। उनके साथ जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर भी उपस्थित रहीं। ग्रामीणों ने बताया कि पंचायत चुनाव के समय उन्होंने जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर के समक्ष खेतों तक बिजली पहुंचाने की मांग रखी थी, किसानों का कहना था कि बिजली के अभाव में सिंचाई के लिए उन्हें काफी परेशानी उठानी पड़ती थी। डीजल पम्प पर निर्भर रहने के कारण खेती महंगी पड़ती थी। मांग पूरी होने पर ग्रामीणों ने जिला पंचायत सदस्य पायल सिंह तोमर और युवा आयोग अध्यक्ष विश्व विजय सिंह तोमर के प्रति आभार व्यक्त किया।

- युवा आयोग अध्यक्ष ने किया ट्रांसफार्मर का शुभारंभ

विद्युतीकरण विस्तार से कतकालो पंचायत के लगभग 100 किसानों को सीधा लाभ मिलेगा। करीब 300 एकड़ कृषि भूमि में अब बिजली से चलने वाले पम्पों के माध्यम से सिंचाई की जा सकेगी। इससे न केवल लागत कम होगी बल्कि रबी और खरीफ दोनों फसलों की पैदावार में भी बढ़ोतरी की उम्मीद है। कार्यक्रम में उपस्थित किसानों ने कहा कि यह सुविधा उनके लिए किसी वरदान से कम नहीं है। अब वे बिजली कनेक्शन लेकर अपने खेतों में पम्प स्थापित कर सकेंगे। शुभारंभ कार्यक्रम में बिजली विभाग के अधिकारी, पंचायत प्रतिनिधि और बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे।

Name Change

I, JAYSHRI RAM, Father Lat. BALRUP RAM, resident of VILLAGE MAJHOLI, P.S. BALRAMPUR, DIST-BALRAMPUR, (C.G.) that my daughter is YACHNA TOPPO. My said daughter has passed 10th in 2026 from Ursuline English Medium Higher Secondary School Ambikapur. in which his Father's name has been recorded as JAYSHRI TOPPO in the marksheet, whereas his father's correct name is JAYSHRI RAM, which is correct.

I want to get Father's real name JAYSHRI RAM registered in the Marksheet. My correct name is JAYSHRI RAM in Aadhar card.

I am adsenting an affidavit to you to gat it registered.

Deponent
JAYSHRI RAM
Father Lat. BALRUP RAM
resident of VILLAGE MAJHOLI, P.S. BALRAMPUR, DIST-BALRAMPUR, (C.G.)

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
प्रतापपुर, जिला-सूरजपुर (छ.ग.)
ऑनलाईन प्र.क्र. ....अ-6-अ /2026
//ईश्तहार//
रविकांत व अन्य 02
प्रति
मनीष सिंह व अन्य 02

सर्व साधारण ग्राम सोनगरा तहसील प्रतापपुर जिला सूरजपुर छ.ग. को सूचित किया जाता है। कि आवेदकगण 1. रविकांत सिंह, 2. शशिकांत सिंह आत्मजगण स्वर्गीय रामवृक्ष सिंह एवं 3. शकुन्तला देवी बेवा स्वर्गीय रागवृक्ष सिंह, निवासी ग्राम सोनगरा, प.ह.नं. 35, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) एवं अधिवकता श्री जलोधर सहित उपस्थित । आवेदकगण द्वारा ग्राम सोनगरा, प.ह.नं. 35, तहसील प्रतापपुर, जिला सूरजपुर (छ.ग.) में स्थित भूमि खसरा नंबर 1212/1 रकबा 1.5200 हे. के राजस्व अभिलेख में हुई लिपिकीय त्रुटि को मौके के कब्जे अनुसार परिशुद्ध करने हेतु धारा 115 छ.ग. भू राजस्व संहिता के तहत आवेदन प्रस्तुत किया गया है। आवेदकगण का कथन है कि वे उक्त वाद भूमि खसरा नंबर 1212/1 रकबा 1.5200 हे. पर विगत 15 वर्षों से पक्का मकान निर्माण कर, सोलर पंप स्थापित कर, मेढ़बंदी कर, शांतिपूर्वक कृषि कार्य करते हुए निवासरत एवं काबिज चले आ रहे हैं। किन्तु वर्तमान राजस्व अभिलेख खसरा बी-1 वर्ष 2024-25 में लिपिकीय त्रुटि के कारण उक्त कब्जा खसरा नंबर 1212/2 पर दर्शित हो गया है, जिसे अनावेदकगण (चचेरे भाई आदि) के नाम पर दर्ज कर दिया गया है। इस त्रुटि के कारण आवेदकगण को शासकीय योजनाओं, बैंक ऋण व अन्य राजस्व कार्यों में कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। अतः मौके की वस्तुस्थिति अनुसार अभिलेख दुरुस्त कर आवेदकगण के नाम दर्ज किये जाने का निवेदन किया गया है।

इस संबंध में जिस किसी को आपत्ति हो तो वह दिनांक 18/08/2026 को स्वतः अथवा अपने अभिभावक के माध्यम से उपस्थित होकर अपना आपत्ति दावा प्रस्तुत कर सकता है। इस तिथि के बाद प्राप्त आपत्ति दावा पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

आज दिनांक 21/07/2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं पदमुद्रा से जारी।

अनुविभागीय अधिकारी (रा.)
प्रतापपुर, जिला सरगुजा (छ.ग.)

बेटे ने माता-पिता को उतारा मौत के घाट, आरोपी की तलाश में जुटी पुलिस

धौरपुर। धौरपुर क्षेत्र में उस समय सनसनी फैल गई जब एक बेटा ने न सिर्फ अपने माता पिता को कुल्हाड़ी से वार कर मौत के घाट उतारा बल्कि शवों को बोरियों में भरकर ठिकाने लगाने की तैयारी में था। हालांकि घटना की जानकारी लगते ही पुलिस तत्काल मौके पर पहुंच गई जिसके बाद आरोपी बोरियों में भरे दोनों शव को छोड़कर फरार हो गया। इधर पुलिस आरोपी की तलाश शुरू कर दी है। बताया जा रहा है कि धौरपुर अंतर्गत ग्राम सपड़ा निवासी हीराधार यादव और गुलाबी यादव को उसके पुत्र ने कुल्हाड़ी से प्राणघात हमला कर दिया जिससे दंपत्ति की मौके पर ही मौत हो गई। माता पिता की हत्या करने के बाद युवक दोनों शव को बोरियों में भरकर ठिकाने लगाने की तैयारी में था तथा मृतक का दूसरा बेटा मौके पर पहुंचा जिसे देखकर आरोपी वहां से भाग निकला। घटना की सूचना मिलने के बाद धौरपुर पुलिस टीम घटनास्थल पर पहुंचकर दोनों शवों को बरामद किया और मामले की जांच शुरू कर दी है। प्रारंभिक जांच में आरोपी ने कुल्हाड़ी से हमला कर अपने माता-पिता की हत्या की। घटना के बाद गांव में सनसनी फैल गई है। परिजन के मुताबिक आरोपी का मानसिक संतुलन ठीक नहीं था. हालांकि हत्या की वास्तविक वजह क्या थी यह स्पष्ट नहीं हो सका है। पुलिस आरोपी की तलाश में जुटी है और घटना के सभी पहलुओं की जांच की जा रही है। पुलिस की जांच और आरोपी की गिरफ्तारी के बाद ही वारदात के कारणों और घटनाक्रम की पूरी तस्वीर स्पष्ट हो सकेगी।

कन्या महाविद्यालय में अब तक नहीं हुई जन भागीदारी समिति की बैठक

अंबिकापुर। शहर के माता राजमोहिनी देवी शासकीय स्नातकोत्तर महाविद्यालय में जन भारिदारी समिति की बैठक नहीं होने का मामला सामने आया है। कॉलेज में नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद अब तक एक भी जन भागीदारी समिति की बैठक आयोजित नहीं की गई। ऐसे में कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं, संसाधनों को लेकर कोई ठोस निर्णय नीं लिया गया जबकि इसके विपरीत राजीव गांधी पीजी कॉलेज में जनभागीदारी समिति की दो बैठकें हो चुकी है। इन बैठकों में सुविधा विस्तार और विद्यार्थियों के हित में महत्वपूर्ण निर्णय लिए गए। उन पर अमल भी शुरू हो चुका है लेकिन माता राजमोहिनी कॉलेज में स्थिति इसके ठीक विपरीत है। शासन स्तर से वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी को माता राजमोहिनी देवी शासकीय स्नातकोत्तर कन्या महाविद्यालय की जनभागीदारी समिति का अध्यक्ष बनाया गया है लेकिन प्रबंधन कॉलेज में सुविधा विस्तार को लेकर उनसे किसी प्रकार का कोई परामर्श नहीं कर रहा है।

- नया शिक्षा सत्र शुरू होने के बाद से अब तक नहीं की गई पहल, प्रभावित हो रही व्यवस्थाएं

नए शिक्षा सत्र शुरू हुए एक माह से अधिक हो गया, लेकिन कॉलेज में सुविधा विस्तार और शैक्षणिक गतिविधियों को लेकर प्राचार्य ने कोई रुचि ही नहीं दिखाई है। नियमों के अनुसार नए शिक्षा सत्र शुरू होने से पहले जनभागीदारी समिति अध्यक्ष के साथ बैठकर कॉलेज में उपलब्ध सुविधाओं और संसाधनों पर चर्चा की जानी थी। अतिथि शिक्षकों की उपलब्धता को लेकर प्रयास शुरू किए जाने थे। नव प्रवेशी विद्यार्थियों का इंडक्शन कार्यक्रम भी जनभागीदारी समिति अध्यक्ष की उपस्थिति में होना था, पीजी कॉलेज में इन विषयों पर चर्चा हुई लेकिन कन्या महाविद्यालय में एक भी काम नहीं हुआ। बड़ी बात यह है कि जनभागीदारी समिति का गठन शासन ने कॉलेज के विकास, संसाधन जुटाने और प्रबंधन में जनता की भागीदारी सुनिश्चित करने के लिए किया है। समिति स्थानीय स्तर पर धन एकत्र कर बुनियादी ढांचे का विकास करती है। शिक्षकों की कमी पर अपने फंड से अतिथि शिक्षकों की व्यवस्था करती है। सरकारी प्रक्रिया में लगने वाले समय को बचाकर छात्रहित के निर्णय तुरंत लेती है लेकिन माता राजमोहिनी कॉलेज में प्राचार्य इन सभी व्यवस्थाओं को अपने स्तर पर मनमाने तरीके से संचालित करना चाह रही हैं। शासन का मानना है कि जनभागीदारी समिति व्यवस्था संचालन में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है। इसी कारण वरिष्ठ पार्षद विजय सोनी को अध्यक्ष मनोनीत किया गया है। इसके बाद भी प्राचार्य द्वारा स्वेच्छाचारिता बरती जा रही है।

TOP IN SURGUJA

हमारी सेवाएं
गर्भावस्था की सम्पूर्ण देखभाल
सुरक्षित प्रसव सुविधा
बांझपन परामर्श एवं उपचार
पीसीओडी/पीसीओएस उपचार
महिला रोगों की जांच व इलाज
सोनोग्राफी एवं आधुनिक सुविधाएं
डिलीवरी (नार्मल एवं सिजेरियन)
गायत्री हॉस्पिटल
MULTISPECIALITY HOSPITAL CREATING HEALTHY TOMORROW
CGHS से मान्यता प्राप्त
बनारस रोड, पी.जी. कॉलेज मैदान के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
| 9424250281 | 8120906000 | 8120809000 |
समय :- सुबह 11:00 बजे से शाम 05 बजे तक
अब महिलाओं की हर समस्या का सम्पूर्ण समाधान !
स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ की सम्पूर्ण सुविधाएं उपलब्ध
DR. SONAL DUBEY
MBBS, MS
(OBSTETRICS & GYNAECOLOGY LAPAROSCOPIC SURGEON

सरगुजा मार्केट

सरगुजा के सर्वप्रथम स्पाईन एवं ब्रेन विशेषज्ञ
डॉ.अमित मुखर्जी
M.S.Mch Neuro Mumbai
श्री अमृतम सुपरस्पेशलिटी हॉस्पिटल, रायपुर
लकवा, मिर्गी, झटका, सिरदर्द, पीठ, कमर, गर्दन दर्द, माइग्रेन, रीढ़ की हड्डी की चोट, सिर की चोट, हाथ-पैर की झुनझुनी एवं कमजोरी, टी.बी, ब्रेन एवं स्पाईन की बीमारी के उपचार के लिए
दिनांक - 23 अगस्त 2026, दिन - रविवार
नोट- डॉक्टर चौथे रविवार को उपलब्ध रहेंगे
सम्पर्क - विद्या डायग्नोस्टिक एण्ड सुपर स्पेशलिटी सेंटर
पारस हाइट्स गेहूंबाड़ी, सीएमओ ऑफिस के पास दर्रीपारा अम्बिकापुर, छ.ग. मो :- 7587722255

डॉ. शिवानी सिंघल
MBBS, MD Pediatrics
देश के श्रेष्ठतम संस्थान PGIMER चंडीगढ़ से प्रशिक्षित नवजात शिशु एवं बाल रोग विशेषज्ञ
बुखार, खांसी एवं संक्रमण
टीकाकरण एवं ग्रोथ मॉनिटरिंग
नवजात एवं बाल स्वास्थ्य पर विशेष परामर्श
बच्चों की सम्पूर्ण देखभाल
OPD समय: सुबह 10:00 बजे – 2:00 बजे शाम 5:00 बजे – 7:00 बजे
24×7 इमरजेंसी सेवा उपलब्ध "स्वस्थ बचपन, उज्ज्वल भविष्य
प्रकाश हॉस्पिटल
जिला अस्पताल रोड, रानी तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.)
अग्रिम पंजीयन हेतु संपर्क करें
मो. 9713667433, 9617247433

DR. ABHIMANYU'S AYURVEDA MULTISPECIALITY HOSPITAL
PAIN | PANCHKARMA | PILES | PEDIA | GYNAE | SKIN
छत्तीसगढ़ का प्रथम 20 बिस्तरीय हॉस्पिटल जो की पूर्ण रूप से आयुर्वेदिक उपचार को समर्पित
समस्त रोगों का आयुर्वेदिक पद्धति द्वारा इलाज
हड्डी एवं जोड़ों का दर्द ◆ नसों का रोग ◆ मानसिक रोग ◆ त्वचा एवं बालों का रोग ◆ स्त्री रोग ◆ मूत्र संबंधी रोग ◆ मधुमेह (डायबिटीज़) ◆ नेत्र रोग ◆ किडनी संबंधी रोग ◆ पेट संबंधी विकार ◆ थायराइड मांसपेशी का रोग ◆ अस्थमा ◆ मोटापा ◆ मल द्वार रोग विशेषज्ञ
प्रदेश के समस्त शासकीय अधिकारी/कर्मचारी एवं उनके परिवार के आश्रित सदस्यों के उपचार उपरांत प्रतिपूर्ति (MEDICAL REIMBURSEMENTS) हेतु छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त
सेक्टर -7 B कमल विहार, रायपुर (छ.ग.) 95224-66664, 62622-22003 | सिटी सेन्टर- कृष्णा टॉकीज के सामने, समता कॉलोनी रायपुर (छ.ग.) 9826446666 | भिलाई सेन्टर-नेहरू नगर (पूर्व), एसबीआई बैंक के पास, भिलाई (छ.ग.) 95224 66605

BHASKAR EYE CARE
अब मोतिया-बिन्द की सर्जरी से डरना छोड़िए!
अनुभवी फेको सर्जन
बिना इंजेक्शन
बिना टांके
बिना पट्टी
MICS तकनीक से सुरक्षित एवं आरामदायक सर्जरी
तेज रिकवरी, तुरंत घर वापसी कम समय में सर्जरी
प्रीमियम MULTIFOCAL / EDOF लैंस उपलब्ध
बिना इंजेक्शन के आई ड्रॉप से सर्जरी
फिर से साफ दिखेगा परिवार का हर मुस्कुराता चेहरा
डॉ. दिलीप लालवानी
नेत्र रोग विशेषज्ञ
फेको सर्जन एवं ग्लूकोमा विशेषज्ञ
(MOORFIELDS EYE HOSPITAL, LONDON ARAVIND EYE HOSPITAL, COIMBATORE, AAO MEMBER)
निरंकारी सत्संग भवन के पास, हिंद स्पोर्ट्स फुटबॉल ग्राउंड के पास, ईदगाह भाठा, रायपुर (छ.ग.) 07714024989 | 9329124989

गुप्त रोग का 100% शर्तिया ईलाज
गुप्त रोग, नामर्दी, नपुंसकता, शीघ्रपतन, स्वप्नदोष, धातु गिरना, जलन, छोटापन, टेढ़ापन, सिफलिस गनौरिया सभी प्रकार के गुप्त रोगों की आयुर्वेदिक दवा द्वारा शर्तिया ईलाज किया जाता है।
लिंग वर्धक यंत्र भी उपलब्ध
बिना आपरेशन के अण्डकोष, बवासीर, भगंदर का गारंटी के साथ आयुर्वेदिक दवा द्वारा ईलाज
25 साल से स्थायी
संपर्क - विश्वास औषधालय
बिलासपुर रोड, लक्ष्मीपुर शास.स्कूल के पास अम्बिकापुर- मोबा. 7898942870
समय- सुबह 8 बजे से रात्रि 8 बजे तक

THE LOTUS CONSULTANCY
JABALPUR
INVITES YOU ALL FOR 2026-27
LOW PACKAGE/MERIT / MANAGEMENT/NRI
MBBS | BDS | MS | MD | BE | B.TECH
ADMISSION STARTED
COLLEGES COUNSELLING
DEEMED COLLEGE
COUNSELLING
STATE PVT./ GOVT. COLLEGES
FORM FILLUP ASSISTANCE
LOW PACKAGE
CG, MP, UP, BIHAR, KARNATAKA CHENNAI MAHARASHTRA, DELHI, HARYANA, UTTARAKHAND, etc..
100% Admission Assistance
Available On Sunday in Ambikapur
CALL FOR PERSONAL GUIDANCE
ANU SHARMA 9109920477

डॉ. तुषार जैन
M.B.B.S, MD. (पल्मोनरी मेडिसीन)
(सर जे.जे. ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल, मुम्बई)
श्वॉस, एलर्जी, छाती, निद्रा एवं टी.बी. रोग विशेषज्ञ
दमा, खाँसी, टी.बी., निमोनिया, एलर्जी, फेफड़े का कैंसर, इस्नोफिलिया, PFT, ब्लड प्रेशर, डायबीटिज, कोरोना एवं स्वाइन फ्लू के पश्चात होने वाली समस्याओं का परामर्श एवं निदान
दिनाँक - 09 अगस्त, 2026
दिन - रविवार सुबह 10 बजे से 5 बजे तक
निशांत मेडिकोज
देवीगंज रोड अम्बिकापुर सरगुजा (छ.ग.)
पंजीयन हेतु फोन नं.- 7354260555

एडवांस्ड यूरोलॉजी सेवाएं अब गावरी नर्सिंग होम में
फाफाडीह, टिम्बर मार्केट रोड, रायपुर
9827144197, 9827144777
मूत्र रोग एवं सर्जरी
किडनी की पथरी का संपूर्ण इलाज
प्रोस्टेट का संपूर्ण इलाज
यौन संबंधी समस्याएं
महिलाओं में पेशाब लीक की समस्याएं
DR. ABHISHEK GAWRI
MBBS, MS (Surgery), DrNB (Urology)
Consultant Urologist Andrologist & Reconstructive Surgery
आयुष्मान कार्ड की सुविधा उपलब्ध

खबर संक्षेप

आरक्षक दिलीप नेताम को पुलिस अधीक्षक ने किया सम्मानित

बलरामपुर। यातायात विभाग में पदस्थ आरक्षक दिलीप नेताम को यातायात विभाग में उत्कृष्ट कार्य करने पर पुलिस अधीक्षक वैभव बैंकर द्वारा स्वतंत्रता दिवस की पूर्व संध्या पर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में प्रशस्ति पत्र प्रदान करके सम्मानित किया है। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक ने आरक्षक की उज्जवल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि विभाग में अच्छे काम करें ताकि सराहनीय कार्यों के लिए आपको भविष्य में भी सम्मानित किया जाए। इस दौरान पुलिस अधीक्षक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक एवं अन्य पुलिस अधिकारी उपस्थित रहे।

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला कार्यालय का किया गया उद्घाटन

बलरामपुर। जिला मुख्यालय में स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर भारतीय किसान संघ के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। भारतीय किसान संघ के जिला अध्यक्ष राम नरेश कुशवाहा के मुख्य अतिथि में किसान संघ के जिला कार्यालय का उद्घाटन किया गया। उद्घाटन के दौरान सर्वप्रथम कार्यालय के सामने तिरंगा ध्वज फहराया गया उसके बाद फिता काट करके कार्यालय का उद्घाटन किया गया। कार्यालय उद्घाटन कार्यक्रम के दौरान जिला अध्यक्ष ने कहा कि दूर दराज से आए हुए किसानों को कार्यालय खोलने से कई परेशानियों से मुक्ति मिलेगी और अपनी समस्याओं से वे जिला अध्यक्ष को आसानी से अवगत करा पाएंगे। किसानों ने भी कार्यालय खोलने के किसी जताई मिष्ठान वितरण उपरांत कार्यक्रम की समाप्ति की गई। इस दौरान भारतीय किसान संघ के बड़े संख्या में पदाधिकारी कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

निधन

रमेश शर्मा

अंबिकापुर। जशपुर जिले के वरिष्ठ पत्रकार रमेश शर्मा का सोमवार की सुबह 5 बजे निधन हो गया। वे 70 वर्ष के थे। विगत 5 दशकों से वे निष्पक्ष एवं जनसरोकार से जुड़ी पत्रकारिता के मजबूत स्तंभ रहे। पिछले कुछ दिनों से अस्वस्थ होने के बाद भी उनकी लेखनी नहीं रुकी। उनका निधन पत्रकारिता जगत एवं समाज के लिए एक अपूरणीय क्षति है। पांच दशक में उन्होंने सभी बड़े समाचार पत्रों के अलावा, न्यूज एजेंसी वार्ता और आईबीसी 24 के लिए काम किया। 80-90 के दशक में, उन्होंने जशपुर सरगुजा जिले के दूरस्थ इलाकों की रिपोर्टिंग की, जिसे देशभर में स्थान मिला। श्री शर्मा अविभाजित मध्य प्रदेश के अधिमान्यता प्राप्त पत्रकार रहे। छत्तीसगढ़ बनने के बाद वे अधिमान्यता समिति के सदस्य रहे। उनका अंतिम संस्कार बनारस के मणिकर्णिका घाट में किया जाएगा।

गांधी मैदान में नगर पालिका अध्यक्ष ने किया ध्वजारोहण

रामानुजगंज में धूमधाम से मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

हरिभूमि न्यूज ⏭ रामानुजगंज

स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर शुक्रवार को नगर में देशभक्ति और उत्साह का माहौल रहा। नगर के सभी शासकीय एवं निजी शैक्षणिक संस्थानों में ध्वजारोहण किया गया। मुख्य समारोह नगर के ऐतिहासिक गांधी मैदान में आयोजित हुआ, जहां नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

इस अवसर पर नगर पालिका अध्यक्ष रमन अग्रवाल ने देश की आजादी के लिए अपना सर्वस्व न्योछावर करने वाले वीर स्वतंत्रता सेनानियों और बलिदानियों को नमन करते हुए उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने कहा कि आजादी हमें अनेक वीरों के संघर्ष और बलिदान से मिली है। उनके त्याग और देशप्रेम को सदैव याद रखना हम सभी का कर्तव्य है। नगर पालिका अध्यक्ष ने रामानुजगंज के विकास का खाका प्रस्तुत करते हुए कहा कि नगर पंचायत से नगर पालिका का दर्जा मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय एवं क्षेत्रीय विधायक तथा कृषि मंत्री रामविचार नेताम के नेतृत्व वाली सरकार द्वारा दिया गया है। नगर पालिका बनने के बाद रामानुजगंज विकास की दिशा में तेजी से आगे बढ़ रहा है। नगर वासियों की भावनाओं और आवश्यकताओं के अनुरूप विभिन्न विकास कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि नगर के विकास के लिए सड़क, नाली, प्रकाश व्यवस्था सहित अन्य मूलभूत सुविधाओं को मजबूत करने की दिशा में लगातार प्रयास किए जा रहे हैं। आने वाले समय में रामानुजगंज को और अधिक व्यवस्थित एवं विकसित नगर बनाने के लिए कार्य जारी रहेगा। समारोह के दौरान विभिन्न स्कूलों के छात्र-छात्राओं ने देशभक्ति गीतों सहित विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों की प्रस्तुति दी। बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों में देशभक्ति का उत्साह भर दिया। उत्कृष्ट प्रस्तुति देने वाले छात्र-छात्राओं को अतिथियों द्वारा पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। स्वतंत्रता दिवस समारोह में नगर के सभी 15 वार्डों के पार्षद, एल्डरमैन, नागरिक, विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा बड़ी संख्या में स्कूली छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। पूरे नगर में दिनभर देशभक्ति और उत्साह का माहौल बना रहा।

कोयलांचल क्षेत्र में हर्षोल्लास से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

बिश्रामपुर। कोयलांचल बिश्रामपुर में 80 वां स्वतंत्रता दिवस धूमधाम व हर्षोल्लास के साथ मनाया गया।इस अवसर पर सभी शासकीय अशासकीय कार्यालयों में शान से तिरंगा ध्वज फहराया गया,स्वतंत्रता दिवस के पूर्व शासकीय भवनों को आकर्षक रंग बिरंगे विद्युत झालरों से सजाया गया था,विद्यालयों में ध्वजारोहण के साथ गीत- संगीत, भाषण सहित अन्य प्रतियोगिता का आयोजन कर प्रतिभागियों को पुरस्कृत किया गया,पिलखा उपतहसील कार्यालय में नायब तहसीलदार मीना सिंह ने ध्वजारोहण किया,बिश्रामपुर थाना में प्रभारी निरीक्षक [illegible] एक्का,शिवनन्दनपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष रितेश जायसवाल,बिश्रामपुर नगर पंचायत में अध्यक्ष निर्मला यादव,एसईसीएल महाप्रबंधक कार्यालय में संजय सिंह ने ध्वजारोहण कर परेड की सलामी ली,साथ ही अमेरा सहक्षेत्र कार्यालय में सहक्षेत्र प्रबंधक ओमप्रकाश अटल,आरजीके सब एरिया में सब एरिया मैनेजर प्रशांत शर्मा,शासकीय महाविद्यालय बिश्रामपुर में प्राचार्य डीपी कोरी,डीएवी पब्लिक स्कूल में जीएम ने ध्वजारोहण किया,स्टेट वेयर हाउस में प्रबंधक शैलेन्द्र सिंह,भारतीय खाद्य निगम में अगार प्रभारी,बिश्रामपुर स्टेशन में प्रबंधक डीके पॉल,पीएम कॉलेज ऑफ नर्सिंग में इंपैक्ट इंडिया फाउंडेशन की मुख्य ट्रस्टी प्रोफेसर डॉ रोहिणी चौगुले ने ध्वजारोहण किया,जयनगर थाना में प्रभारी अमित गुप्ता,करंजी चौकी में विकास मिश्रा,लटोरी चौकी में प्रभारी सुनील सिंह,दसवीं बटालियन में कमांडेंट प्रशांत कतलम,अंबिकापुर स्टेशन में प्रबंधक उमेश सिंह, आरपीएफ थाना अंबिकापुर में प्रभारी सुनीता मिंज ने ध्वजारोहण कर राष्ट्रध्वज को सलामी दी।

सोनगरा के विभिन्न संस्थानों में हर्षोल्लास से मना स्वतंत्रता दिवस

सोनगरा। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोनगरा के विभिन्न शैक्षणिक संस्थानों, शासकीय कार्यालयों एवं सार्वजनिक स्थलों पर हर्षोल्लास के साथ ध्वजारोहण कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान राष्ट्रगान, सांस्कृतिक कार्यक्रम, मिष्ठान वितरण एवं प्रतिभागी बच्चों के सम्मान सहित विभिन्न आयोजन हुए। कार्यक्रमों में बड़ी संख्या में ग्रामीण एवं जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। सहकारी समिति मर्यादित सोनगरा में समिति अध्यक्ष भोला सिंह, दशरथ सिंह एवं शरद चन्द्र द्विवेदी ने संयुक्त रूप से ध्वजारोहण किया। इस अवसर पर अभिषेक सिंह, विजय सोनी, तनवीर आलम खान, छोटेलाल नापित, गिरधारी राजवाड़े, सिद्धार्थ मिश्रा सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। शिवम पब्लिक स्कूल सोनगरा में सहकारिता प्रकोष्ठ के जिला संयोजक शरद चन्द्र द्विवेदी ने ध्वजारोहण किया। कार्यक्रम में सुखनंदन सिंह, तन्नू खान, छत्तर सिंह, छोटेलाल नापित, मनोज सिंह, शिक्षिका रंजना, प्रीति सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उपस्थित रहे। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सोनगरा में शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष सीताराम सिंह ने ध्वजारोहण किया। इसके बाद सामूहिक राष्ट्रगान हुआ। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर विद्यालय के बच्चों ने विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां देकर उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। ग्राम पंचायत भवन सोनगरा में सरपंच कृष्णा सिंह ने ध्वजारोहण किया। छत्तीसगढ़ राज्य ग्रामीण बैंक, सोनगरा शाखा में बैंक मैनेजर प्राची राजवाड़े ने ध्वजारोहण किया।वन विभाग सोनगरा में वन समिति अध्यक्ष लखदेव सिंह ने ध्वजारोहण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर सोनगरा के विभिन्न संस्थानों में आयोजित कार्यक्रमों में देशभक्ति और उत्साह का माहौल देखने को मिला। जगह-जगह तिरंगा शान से लहराया और लोगों ने स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों को नमन करते हुए राष्ट्र की एकता, अखंडता एवं समृद्धि का संकल्प लिया।

स्वतंत्रता दिवस पर विद्यालय के बच्चों ने निकाली प्रभात फेरी

मदनपुर। शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय लटोरी में 80 वीं स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। मुख्य अतिथि शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष गिरवर राजवाड़े, समिति के सदस्य हरिलाल, श्रीमती सुनिता दुबे, गौतम राजवाड़े व ग्राम लटोरी के लोग उपस्थित रहे । ध्वजारोहरण अध्यक्ष गिरवर राजवाड़े व संस्था प्रमुख सत्यम बालाजी द्वारा किया गया। स्काउट एवं गाइड के बच्चों द्वारा परेड के माध्यम से सलामी दी गई। विद्यालय के बच्चों द्वारा विशाल प्रभात फेरी निकाली। विद्यालय के सांस्कृतिक विभाग के शिक्षकों ने बच्चों के माध्यम से देशभक्ति से ओतप्रोत सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया। गिरवर राजवाड़े एवं संस्था प्रमुख ने अपने उद्बोधन में स्वतंत्रता दिवस के बारे में जानकारी दी व सबको देश के विकास एवं रक्षा के लिए मर मिटने की बात की। इस दौरान राजेश सोनी, निलेश मिश्रा, श्रीमती अनिता मिंज, श्रीमती गंगा पैकरा, श्रीमती मनोरमा शर्मा, श्रीमती शिवकुमारी शर्मा, श्रीमती रेणुका एक्का, श्रीमती रीना तिग्गा, श्रीमती नीतू सिंह, श्रीमती दीपिका देवनाथ, कुमारी दिव्या साक्षी, कुमारी सरोज, श्रीमती नेहा दूबे, कुमारी दीपा सिंह, रजनीश भारती, जितेन्द्र तिवारी, मनोहर लाल दर्पण, श्रीमती विद्या किस्पोट्टा, श्रीमती निरंजना सिन्हा, कुमारी माया सिंह, शीला मजूमदार, कुमारी दीपशिखा कुंती, अजय, गुरूदयाल व अन्य शिक्षक उपस्थित रहे।

अचीवर्स स्कूल में देशभक्ति एवं उत्साह के साथ मनाया गया स्वतंत्रता दिवस

प्रतापपुर। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर अचीवर्स स्कूल में देशभक्ति एवं उत्साह के साथ भव्य समारोह आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ भारत माता एवं अमर शहीदों की छायाचित्र पर श्रद्धा सुमन अर्पित करने के बाद ध्वजारोहण कर राष्ट्रगीत एवं राष्ट्रगान से हुआ। विद्यार्थियों ने शानदार मार्च पास्ट प्रस्तुत कर अतिथियों को सलामी दी। विद्यार्थियों ने देशभक्ति से ओत-प्रोत मनमोहक सांस्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। मुख्य अतिथि ने स्वतंत्रता के महत्व पर प्रकाश डालते हुए विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में सक्रिय योगदान देने के लिए प्रेरित किया। विशिष्ट अतिथियों ने भी अपने विचार रखते हुए विद्यार्थियों को देशहित में कार्य करने का संदेश दिया। सीबीएसई परीक्षा में 90 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले कु.अलीशा खान, कु.श्रेया सिंह एवं कु.साक्षी-निधि खमरिया को स्कूल प्रबंधन की ओर से प्रोत्साहन स्वरूप प्रत्येक को 10 हजार रूपए का चेक, प्रशस्ति पत्र एवं मोमेंटो प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं 80 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले विकास यादव, आयुष गुप्ता, आदित्य वर्मा, सुनील यादव, कृष्ण गुप्ता, आलिया परवीन एवं माही गुप्ता को प्रशस्ति पत्र एवं मेडल प्रदान किए गए। मार्च पास्ट में टैगोर हाउस प्रथम, अशोका हाउस द्वितीय एवं लाजपत हाउस तृतीय रहा। देशभक्ति प्रस्तुतियों इतिहास का आईना को प्रथम झांसी की रानी को द्वितीय और कव्वाली कार्यक्रम को तृतीय पुरस्कार प्रदान किया गया, इंटर हाउस ड्राइंग प्रतियोगिता में कुमारी मेघनाथ दास एवं राजवीर रजक को भी पुरस्कार प्रदान किए गए। इस दौरान जनपद अध्यक्ष श्रीमती सुखमनियां सिंह आयाम, मुकेश तायल, श्रीमती मानती योगेंद्र सिंह, अक्षय तिवारी, अवधेश पांडेय, अजय जायसवाल, अंकुर जायसवाल, अशोक जायसवाल सहित कार्यक्रम में बड़ी संख्या में अभिभावक मौजूद रहे।

केदमा में धूमधाम से मनाया गया 80 वां स्वतंत्रता दिवस

केदमा। 80 वें स्वतंत्रता दिवस को केदमा सहित आस पास के क्षेत्रों में उल्लास पूर्वक मनाया गया। हायर सेकेण्डरी स्कूल में जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने सहकारी समिति में सज्जू सिंह एवं बृजेश चतुर्वेदी ने ध्वजारोहण किया। पंचायत भवन में सरपंच कृतिका सिंह ने,वनविभाग कार्यालय में जनपद सदस्य नागेश्वरी सिंह, प्राथमिक शाला में प्रधान पाठक रामलाल सिंह, माध्यमिक विद्यालय में श्री दास, बालक आश्रम में बबलू तिग्गा ने ध्वजारोहण किया, ध्वजारोहण के पश्चात छात्र छात्राओं ने प्रभात फेरी निकला इसके बाद विद्यालय में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें बच्चों ने मनमोहक प्रस्तुतियां दीं आकर्षण रही सुआ नृत्य और नन्हा मुन्ना राही हूँ। मुख्य अतिथि भाजपा जिला महामंत्री विनोद हर्ष ने कहा की देश को आज कुछ अराजक तत्व अस्थिर करना चाहते हैं उन्होंने कक्षा नवमी की 25 बालिकाओं को सरस्वती सायकल योजना के तहत सायकिल भी प्रदान किया और कहा की दूर दराज से आने में बच्चियों को कठिनाई होती थी लेकिन शासन ने सायकल देकर उनकी समस्या का समाधान किया है। सभा को सरपंच कृतिका सिंह और नागेश्वरी सिंह ने भी सम्बोधित किया। इस दौरान बृजेश चतुर्वेदी, बंधनों बाई मीना सिंह, माहेश्वर पैकरा, दीनानाथ यादव, प्राचार्य तिग्गा, प्रदीप एक्का, अनूप विश्वास, केसी साहू, रामजतन राजवाड़े, पुष्पा पांडे, सिलकेन लकड़ा, सूचित सिन्हा, देवमोहन नगवंशी, योगेश साहू सहित सभी शिक्षक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

बसवार के आवर लेडी ऑफ़ गुड हेल्थ स्कूल- में 80वा स्वतंत्रता दिवस हर्षल्लास के साथ मनाया गया। इस अवसर पर विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किए गए। स्कूल में प्राचार्य रोबेन रेनू टोप्पो ने ध्वजारोहड किया इसके पश्चात बच्चों ने परेड निकाल कर सबका ध्यान अपनी ओर आकर्षित किया। बच्चों ने विभिन्न थीम पे आधारित नृत्य कुचीपुड़ी, कत्थक, पंजाबी, असामी, कश्मीरी प्रस्तुत किया, शिक्षाको ने स्वतंत्रता दिवस के बारे में बच्चों को जानकारी दी। इस अवसर पर स्कूल के सभी शिक्षाक एवं बड़ी संख्या में अभिभावक एवं ग्रामीण उपस्थित रहे।

ब्रह्म जान विद्या मंदिर स्कूल में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

अंबिकापुर। सकालो स्थित ब्रह्म जान विद्या मंदिर स्कूल में स्वतंत्रता दिवस समारोह हर्षोल्लास से मनाया गया। कार्यक्रम की शुरुआत विद्यालय परिसर में ध्वजारोहण के साथ हुई। इसके पश्चात विद्यार्थियों एवं शिक्षकों ने राष्ट्रगान प्रस्तुत किया तथा भारत माता के जयकारों से विद्यालय परिसर देशभक्ति के वातावरण से गूंज उठा। समारोह में विद्यालय के विद्यार्थियों ने देशभक्ति गीतए भाषण, कविता एवं सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से स्वतंत्रता संग्राम के वीर सेनानियों और राष्ट्रनिर्माताओं के योगदान को याद किया।

कार्यक्रम के दौरान विद्यालय के प्रबंधक अविनाश सिंह चंदेल ने विद्यार्थियों को स्वतंत्रता दिवस के महत्व से अवगत कराते हुए कहा कि देश की स्वतंत्रता केवल हमारा अधिकार नहीं बल्कि राष्ट्र के प्रति हमारी जिम्मेदारी भी है। विद्यार्थियों को अनुशासनए संस्कार, ईमानदारी, मेहनत और राष्ट्रसेवा के मार्ग पर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया गया। इस दौरान प्रधान पाठक जगदीश प्रसाद, सुमन मिंज, मनीषा, बबली. माधुरी, सोना वैशाली, रेशम, गीता सरिता प्रिया, अंजलि सहित विद्यार्थी, अभिभावक मौजूद थे।

धान खरीदी केंद्र समिति में ध्वजारोहण एवं स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम

लहपटरा। स्वतंत्रता दिवस के पावन अवसर पर धान खरीदी केंद्र समिति में मति बाई द्वारा राष्ट्रीय ध्वज तिरंगा फहराया गया। इस अवसर पर समिति के कर्मचारी विजय सिंह ने स्वतंत्रता संग्राम के वीरों को नमन करते हुए कहा कि हमें देश की एकता, अखंडता और विकास के लिए सदैव मिल-जुलकर कार्य करना चाहिए तथा अपने कर्तव्यों का ईमानदारी से पालन करना चाहिए। कार्यक्रम में लालजीत यादव, पानेश्वर सहित समिति के कर्मचारी, ग्रामीण उपस्थित रहे। इसी क्रम में ग्राम पंचायत लहपटरा में भी ध्वजारोहण किया गया, जिसमें समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे। सरपंच राजेश सिंह ने ध्वजारोहण किया।

संयुक्त जिला कार्यालय परिसर में कलेक्टर ने किया ध्वजारोहण

बलरामपुर। कलेक्टर श्रीमती चंदन संजय त्रिपाठी ने 80 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय भवन के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। सर्वप्रथम ध्वजारोहण से पूर्व अधिकारी-कर्मचारियों ने राष्ट्रगीत वन्दे मातरम का सामूहिक गायन किया तत्पश्चात कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने ध्वजारोहण किया। इस दौरान सभी अधिकारियों एवं कर्मचारियों ने राष्ट्रगान का गायन किया तथा भारत माता की जय व स्वतंत्रता दिवस अमर रहे के नारे लगाये। इसके उपरांत कलेक्टर श्रीमती त्रिपाठी ने परिसर स्थित महात्मा गांधी एवं डॉ. भीमराव अम्बेडकर के प्रतिमा पर माल्यार्पण किया। साथ ही कार्यालय परिसर केन्द्र में स्थित छत्तीसगढ़ महतारी की प्रतिमा माल्यार्पण किया। स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर संयुक्त जिला कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कलेक्टर ने अधिकारी-कर्मचारियों व जिलेवासियों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई एवं शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर अपर कलेक्टर आरएस लाल, आरएन पांडेय, चेतन बोरघरिया सहित जिला स्तरीय अधिकारी एवं कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

हरिभूमि नं. 1 आवश्यक सूचना
प्रिय ग्राहक बंधुओं आपका अपना
प्रिय अखबार हरिभूमि के स्थान पर
अगर कोई अन्य अखबार दिया जा रहा है
तो कृपया इस नंबर पर संपर्क करें
रिंग रोड चोपड़ापारा, काली मंदिर के पास उड़िया पण्डित काम्पलेक्स अम्बिकापुर मो. 9826154736

श्रावण मास के तीसरे सोमवार एवं नागपंचमी पर लगे हर-हर महादेव के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ⏭ बिश्रामपुर

- वीएचपी, बजरंग दल व दुर्गा वाहिनी के नेतृत्व में रिहन्द नदी से रामेश्वरम मंदिर तक निकाली गई भव्य कांवर यात्रा

श्रावण मास के तीसरे सोमवार एवं नागपंचमी के अवसर पर विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल एवं दुर्गा वाहिनी के संयुक्त तत्वावधान में प्रतिवर्ष की परंपरा के अनुरूप इस वर्ष भी भव्य कांवर यात्रा निकाली गई। यात्रा में बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साहपूर्वक शामिल होकर भगवान शिव का जलाभिषेक किया और धार्मिक आयोजन को भक्तिमय बना दिया।

कांवर यात्रा की शुरुआत रिहन्द नदी तट से हुई,यहां श्रद्धालुओं ने विधिवत पूजा-अर्चना कर मां रेणुका नदी का स्मरण करते हुए पवित्र जल कांवर में भरा,इसके बाद श्रद्धालु कांवर लेकर भगवान भोलेनाथ के जयकारे लगाते हुए केनापारा स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर की ओर रवाना हुए,यात्रा के दौरान पूरे मार्ग में हर-हर महादेव, बम-बम भोले के जयघोष से वातावरण गुंजायमान रहा। इस वर्ष भी कांवर यात्रा को और अधिक आकर्षक एवं भक्तिमय बनाने के लिए आयोजन समिति द्वारा विशेष तैयारियां की गई थीं। यात्रा में भगवान भोलेनाथ की विभिन्न कलाओं एवं स्वरूपों का प्रदर्शन कराया गया। इसके साथ ही धूमाल की विशेष व्यवस्था की गई थी। धार्मिक उत्साह और रंग-बिरंगी सजावट ने यात्रा को देखते ही देखते एक भव्य धार्मिक उत्सव का रूप दे दिया। एनएच 43 पर कांवर यात्रा के मार्ग में श्रद्धालुओं के स्वागत के लिए विभिन्न स्थानों पर लोगों ने विशेष व्यवस्था की थी। कांवरियों को पेयजल एवं प्रसाद वितरित किया गया। कई स्थानों पर भंडारे का आयोजन भी किया गया, जिसमें कांवरियों सहित आम श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। स्थानीय लोगों द्वारा कांवरियों का पुष्पवर्षा एवं जयकारों के साथ स्वागत किया गया। लंबी यात्रा पूरी करने के बाद कांवरिए केनापारा स्थित रामेश्वरम शिव मंदिर पहुंचे, जहां विधि-विधान से भगवान भोलेनाथ का जलाभिषेक किया गया। श्रद्धालुओं ने भगवान शिव से क्षेत्र की सुख-समृद्धि, शांति एवं खुशहाली की कामना की। मंदिर परिसर में भी पूरे समय भक्तिमय माहौल बना रहा। कांवर यात्रा में युवाओं, महिलाओं और बुजुर्गों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने सहभागिता की। यात्रा को लेकर कोयलांचल क्षेत्र शिवनन्दनपुर-बिश्रामपुर में सुबह से ही उत्साह का माहौल रहा,श्रावण मास, सोमवार और नागपंचमी के संयोग ने आयोजन की धार्मिक महत्व को और वृद्धि दी।

भोलेनाथ के स्वरूप का प्रदर्शन करते कलाकार।

ओपीएस में मना आजादी का जश्न, विद्यार्थियों ने बिखेरी देशभक्ति की छटा

अम्बिकापुर। ओरिएण्टल पब्लिक स्कूल में स्वतंत्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। संस्थापक प्राचार्य डॉ.आईए खान सूरी ने ध्वजारोहण किया। उप प्राचार्य तहसीन अहमद खान ने विद्यार्थियों को देशभक्ति, सहिष्णुता, सद्भाव, वैज्ञानिक एवं तार्किक सोच तथा देशप्रेम का संदेश दिया साथ ही क्रांतिकारियों की कुर्बानियों को याद किया। विद्यार्थियों ने आकर्षक परेड प्रस्तुत की तथा देशभक्ति से प्रेरित नृत्य और गीत प्रस्तुत किया। ऑपरेशन सिंदुर पर आधारित नृत्य आकर्षण का केंद्र रहा। भाषण प्रतियोगिता में प्राइमरी की माहिरा शमीम एवं प्री प्राइमरी की देवांश सिंह अव्वल रहे। मनमोहक देशभक्ति गीत की प्रस्तुति करने वाली 12वीं की छात्रा अंशिका गुप्ता को संस्थापक प्राचार्य ने 100 का नगद पुरस्कार दिया। परेड में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी पुरस्कृत किया गया। जिसमें बेस्ट परेड परफॉर्मर अंशिका यादव, बेस्ट परेड प्लाटून (गर्ल्स) आइंस्टीन हाउस तथा बेस्ट परेड प्लाटून (ब्वॉयज) कलाम हाउस रहा।

सम्भाग का प्रथम Hightech नेत्र अस्पताल
आशीर्वाद
लेजर, फेको नेत्र चिकित्सालय
ZEPTO जेप्टो अमेरिकन (FDA) तकनीक द्वारा
मोतियाबिंद का एडवांस फेको ऑपरेशन व लेंस प्रत्यारोपण
अब तक 1.50 लाख से अधिक सफल नेत्र आपरेशन पर मुख्यमंत्री द्वारा छत्तीसगढ़ गौरव सम्मान
डॉ. एल.सी. मढ़रिया MBBS,MS नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं फेको सर्जन
डॉ. एश्वर्य मढ़रिया MBBS, MS, FVR, LVP-Hydrabad नेत्र रोग विशेषज्ञ एवं रेटिना विशेषज्ञ
● 35 वर्ष से नेत्र चिकित्सा सेवा ● डायबिटीज व रेटिना के बीमारी के अंधत्व का त्वरित ईलाज लेसर द्वारा
आई.जी.ऑफिस रोड, नेहरू चौक, बिलासपुर
फोन: 07752-402070, 228277,
मो.: 9826190123, 9669979123

Tej Diagnostic Centre
Caring for you
हमारी डायग्नोस्टिक सुविधाएँ
SONOGRAPHY - उन्नत अल्ट्रासोनोग्राफी द्वारा सटीक जाँच
X-RAY - डिजिटल एक्स-रे द्वारा सटीक निदान
LAB TEST - आधुनिक लैब सुविधाएँ सटीक रिपोर्ट का साथ
TMT - हृदय की जाँच के लिए ट्रेडमिल टेस्ट
EEG - मस्तिष्क की विद्युत गतिविधि की जाँच
ECG - हृदय की धड़कन की सटीक जाँच
MRI - उन्नत MRI तकनीक द्वारा सटीक इमेजिंग
CT SCAN - तेज और सटीक CT स्कैन सुविधा
MEMMOGRAPHY - महिलाओं के लिए विशेष स्तन जाँच की सुविधा
ENDOSCOPY - पाचन तंत्र की उन्नत एंडोस्कोपी जाँच
ECHOCARDIOGRAPHY - हृदय की अल्ट्रासाउंड द्वारा गहन जाँच
BLOOD BANK - सुरक्षित और प्रमाणित रक्त की उपलब्धता
अनुभवी टीम | आधुनिक उपकरण | सटीक रिपोर्ट | तत्काल सेवा | आपकी सेहत हमारी प्राथमिकता
सभी जाँच एक ही छत के नीचे - भरोसा, सटीकता, सुरक्षा
बाबूपारा, जोड़ा तालाब के सामने, अम्बिकापुर (छ.ग.) 8224007799, 7000619700

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,500/-
सुनहरा अवसर
रायपुर, उसलापुर, शहडोल से होकर
स्पेशल ट्रेन
22 से 28 अक्टूबर 2026 (7 दिन)
द्वारकाधीश धाम यात्रा
श्री द्वारकाधीश, श्री द्वारकाभेट, श्री सोमनाथ, श्री नागेश्वर ज्योतिर्लिंग, उज्जैन (श्री महाकालेश्वर)
ऑफर राशि : स्लीपर 9,500/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 22,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza Power House Road
संपर्क करें:-7354 411411